www.epaper.azadsipahi.in

19 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 239

बच्चों में प्रतिभा और हुनर की कमी नहीं, सही गाइडेंस की जरूरत : हेमंत सोरेन




## आजाद सिपाही के गौरवमयी 10 वर्ष



## आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस

पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**बंधु तिर्की**
पूर्व मंत्री
सह सदस्य झारखंड सरकार समन्वय समिति
कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड कांग्रेस कमेटी

**शिल्पी नेहा तिर्की**
माननीय मंत्री
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखंड सरकार





**डा. राकेश किरण महतो**
ग्रामीण जिला अध्यक्ष
रांची, झारखंड

**डा. कुमार राजा**
अध्यक्ष
रांची महानगर कांग्रेस कमेटी
रांची, झारखंड




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार चुनाव में रोमांच बढ़ायेंगी छोटी पार्टियां

## ■ तीसरा मोर्चा बना, तो त्रिकोणीय हो जायेगा चुनावी मुकाबला

## ■ प्रशांत किशोर, शिवदीप लांडे और पारस मिला सकते हैं हाथ

## ■ पिछले चुनाव में छोटी पार्टियों ने बिगाड़ा था बड़े दलों का खेल

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन और एनडीए गठबंधन की लगातार बैठक हो रही है। वहीं इन दोनों दलों के बड़े नेता लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अभी तीसरे मोर्चे की कोई सुगबुगाहट तो नहीं है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि प्रशांत किशोर, पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे और पशुपति पारस जैसे नेता गठजोड़ कर तीसरा मोर्चा बना सकते हैं। इन तीनों दलों ने अलग-अलग सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, लेकिन अंदरखाने में तीनों के बीच किसी गठजोड़ की संभावनाओं को भी टटोले जाने की चर्चा है। बिहार में अभी तक महागठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच ही मुकाबला होने की बात कही जा रही है, लेकिन यदि यह तीसरा मोर्चा बन गया, तो फिर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। इन छोटी पार्टियों के साथ खास बात यह है कि ये खुद जीतने की स्थिति में नहीं होती हैं, लेकिन बड़ी पार्टियों का खेल बिगाड़ने, यानी 'वोटकटवा' की भूमिका बखूबी निभाती हैं। इसलिए बड़ी पार्टियां इन पर गहरी नजर रखती हैं। अब तक के आंकड़े बताते हैं कि संभावित तीसरे मोर्चे से दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और महागठबंधन को नुकसान होने की संभावना है, लेकिन नुकसान की प्रकृति और मात्रा गठबंधन, क्षेत्र और जातिगत समीकरणों पर निर्भर करेगी। बिहार में क्या है इन छोटी पार्टियों की संभावना और प्रभाव, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव अब महज चार महीने दूर रह गया है। इसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच होना तय है। लेकिन इस बार भी तीसरे मोर्चे को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि तीसरे मोर्चे का पिछला अनुभव बहुत बेहतर नहीं रहा है। इसलिए तीसरे मोर्चे को लेकर इस बार अभी तक चर्चा नहीं हो रही है। इसलिए बिहार में इस बार भी मुकाबला सीधा होने की संभावना है। मतलब एक तरफ महागठबंधन है, तो दूसरी तरफ एनडीए है, हालांकि चुनाव नजदीक आने पर स्थितियां कुछ भी बन सकती है। छोटे दल तीसरे मोर्चे को आकार दे सकते हैं। ऐसे तीसरा मोर्चा बन भी गया, तो बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

### एनडीए और महागठबंधन की लड़ाई में कहां है तीसरा मोर्चा

बिहार विधानसभा चुनाव में जहां एनडीए में भाजपा, जदयू, हम, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा, पांच दल शामिल हैं। वहीं महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, एआइएमआइएम और वीआइपी के साथ तीन वामपंथी दल भी हैं। यानी कुल सात दल हैं। पशुपति पारस की लोजपा ने एनडीए को छोड़ दिया है और वह भी महागठबंधन में आना चाहते हैं, हालांकि यह बातचीत बीच में ही रुक गयी है। बिहार में मुकाबला मुख्य रूप से इनके बीच ही होना है, लेकिन तीसरे मोर्चे की भी चर्चा भी होने लगी है।

### कई छोटे दल ठोक रहे हैं ताल

इस बार के विधानसभा चुनाव के लिए कई छोटे दल ताल ठोक रहे हैं। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी 243 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। मायावती की बसपा भी 243 सीटों पर तैयारी कर रही है। पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे की पार्टी हिंद सेना है, जिसने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप भी मैदान में है, जिसने सभी 243 सीटों पर लड़ने की बात कही है।

### पिछले दो चुनाव में तीसरे मोर्चे का प्रदर्शन

पिछले दो विधानसभा चुनाव की चर्चा करें, तो 2015 और 2020 में एनडीए और महागठबंधन के बीच ही मुकाबला हुआ। हालांकि कई सीटों पर तीसरे मोर्चा ने खेल बिगाड़ा था। 2015 में छह दलों ने मिलकर समाजवादी धर्मनिरपेक्ष नाम का तीसरा मोर्चा बनाया था, लेकिन सफल नहीं रहा। 2015 में जिन छह पार्टियों ने मोर्चा बनाया था, उसमें लालू प्रसाद यादव से नाराज होकर समाजवादी पार्टी भी शामिल थी और शरद यादव की पार्टी भी।




छह दलों में सबसे अधिक 85 सीट पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ी थी। वह एक भी सीट जीत नहीं पायी थी। उसका वोट प्रतिशत भी 1.83% रहा था। प्रमुख पार्टियों में एनसीपी भी थी, जो 40 सीटों पर लड़ी, लेकिन एक भी सीट पर उम्मीदवार जीत नहीं पाये। एनसीपी का वोट प्रतिशत भी 2.82% रहा था। 2015 में महागठबंधन में नीतीश-लालू साथ लड़े थे। जहां जदयू को 71 सीट पर जीत मिली, तो वहीं राजद को 80 सीट पर जीत मिली थी। इसके अलावा कांग्रेस 27 सीटों पर चुनाव जीती थी। इसके साथ प्रचंड बहुमत के साथ महागठबंधन ने सरकार बनायी थी। भाजपा 157 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और केवल 53 ही जीत पायी। 2015 के विधानसभा चुनाव में चार निर्दलीय भी चुनाव जीतकर आये थे।

2020 में भी तीसरा मोर्चा ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्यूलर फ्रंट (जीडीएसएफ) बनाया गया। उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में तीसरे मोर्चे का गठन किया गया। इसमें भी छह दल शामिल थे। उपेंद्र कुशवाहा के साथ ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम और मायावती की बीएसपी भी शामिल थी। इस चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा को सफलता नहीं मिली। उनकी पार्टी का खाता तक नहीं खुला, जबकि वह खुद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। बसपा को एक सीट पर, जबकि एआइएमआइएम को पांच सीटों पर जरूर सफलता मिली। हालांकि बाद में पार्टियों में टूट हो गयी। बसपा के विधायक जदयू में शामिल हो गये और एआइएमआइएम के पांच में से चार विधायक राजद में शामिल हो गये। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा और तीसरा मोर्चा के अन्य घटक दलों का स्ट्राइक रेट भी बहुत अच्छा नहीं रहा। यहां तक कि उन्हें नोटा से भी कम वोट मिले। यह जरूर रहा कि तीसरे मोर्चे के कारण एनडीए और महागठबंधन को कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा। आंकड़ों की बात करें, तो रालोसपा को उस बार 1.77 फीसदी ही वोट हासिल हुआ, जबकि नोटा के पक्ष में भी लगभग इतने ही लोग थे। बिहार चुनाव 2020 में 1.68 फीसदी लोगों ने किसी भी उम्मीदवार को समर्थन नहीं देने का फैसला कर नोटा का बटन दबाया। वहीं तीसरे मोर्चे में शामिल एआइएमआइएम ने 1.24% तो बसपा ने कुल मतदाताओं में 1.49% का समर्थन हासिल किया।

2015 में बसपा अकेले 228 सीट पर चुनाव लड़ी और एक भी जीत नहीं पायी थी। उसका वोट प्रतिशत 2.21% था। यह भी एक कारण था कि बसपा ने 2020 में तीसरे मोर्चे में शामिल होने का फैसला लिया था और एक सीट पर ही सफलता मिली।

2020 के चुनाव में एनडीए ने जहां 125 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं महागठबंधन ने 110 सीटों पर कब्जा जमाया था। उपेंद्र कुशवाहा इस बार एनडीए के साथ हैं। वहीं तीसरे मोर्चे के अन्य दल अलग-अलग चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो का कहना है कि बिहार में 243 सीटों पर हम लोग चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि पिछला अनुभव बेहतर नहीं रहा। हमारे समर्थकों का वोट तो सहयोगियों को मिल गया, लेकिन मोर्चा में शामिल अन्य घटक दलों का वोट हमें नहीं मिला। इसलिए हम लोग अपनी तैयारी कर रहे हैं। कई सीटों पर उम्मीदवार का चयन भी हो गया है। समय आने पर घोषणा भी कर दी जायेगी।

### पीके की पूरी तैयारी

इधर, प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के प्रवक्ता संजय त्रिपाठी का कहना है कि हम लोग किसी से समझौता नहीं करेंगे। अकेले दम पर चुनाव लड़ेंगे।

कई दल संपर्क कर रहे हैं, लेकिन सभी 243 सीटों पर हम लोगों की तैयारी है। हम लोग पूरी ताकत लगा रहे हैं।"

इन दावों के बीच राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अभी तक बिहार में तीसरे मोर्चे की चर्चा नहीं होने के पीछे बड़ा कारण तीसरे मोर्चे का अब तक का प्रदर्शन रहा है। बिहार में कभी भी तीसरे मोर्चे ने अपनी पहचान नहीं बनायी है। यही कारण है कि इस बार छोटे दल अकेले चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं।

कुल मिला कर बिहार विधानसभा चुनाव में तीसरा मोर्चा बनेगा कि नहीं, यह बड़ा सवाल है। वैसे चुनाव में अभी चार महीने का समय है।

कई छोटे दल अपनी संभावना भी तलाश रहे हैं, तो वहीं सीट बंटवारे में महागठबंधन और एनडीए में विवाद हुआ, तो कुछ दल वहां से बाहर निकल सकते हैं। तब तीसरे मोर्चे का आकार बिहार में देखने को मिल सकता है।



www.epaper.azadsipahi.in

19 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 239

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी, ना स्वीकारेंगे : नरेंद्र मोदी



आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जून, 2025
www.azadsipahi.in



## सरकारी राशि गबन करने का आरोप

# अलपीटो मुखिया और अन्य पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण और बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजनाओं में आपराधिक साजिश रचकर सरकारी राशि का गबन करने के मामले में बीडीओ अखिलेश कुमार द्वारा विष्णुगढ़ के अलपिटो पंचायत के मुखिया व अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इन लोगों पर अवैध तरीके से मृत व्यक्तियों के नाम पर सरकारी राशि निकालने और फर्जी जॉब कार्ड बनाने का आरोप है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अलपिटो ग्राम पंचायत से निम्नलिखित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गयी है जिनमें, सुमिता देवी (मुखिया), धनेश्वर यादव (मुखिया पति), शिव कुमार प्रसाद (तत्कालीन पंचायत सचिव), बालेश्वर यादव, रमेश यादव, जागेश्वर यादव, भीखन रविदास, पवन कुमार यादव, बालेश्वर रविदास, सहदेव यादव, झमन कुमार महतो (सामग्री आपूर्तिकर्ता - मेसर्स निर्मला गोयटरी शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में अलपितो ग्राम पंचायत में कुल 19 गाय बकरी शेड योजनाएं विभागीय निर्देशों और वरीय अधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए कार्यान्वित की गयी। इन योजनाओं के माध्यम से कुल 21,95,928.21/- (इक्कीस लाख पंचानबे हजार नौ सौ अट्ठाईस रुपये इक्कीस पैसे) का गबन किया गया है। इन लोगों पर ग्राम सभा से योजनाओं का चयन नहीं किये जाने का आरोप है, साथ ही अन्य मामले जैसे भूमि प्रतिवेदन संलग्न नहीं है, कार्य-आदेश जारी नहीं किया गया, योजना संबंधी तस्वीरें संलग्न नहीं हैं, भुगतान की गयी राशि का अभिश्रव (बिल) संलग्न नहीं है, सामग्री आपूर्तिकर्ता (विक्रेता) को दिया जाने वाला सामग्री आपूर्ति आदेश संलग्न नहीं है, कुछ मास्टर रोल में मजदूरों के हस्ताक्षर नहीं हैं, फिर भी राशि का भुगतान कर दिया गया है। कुछ ऐसे लाभार्थी हैं जो योजना लेने के लिए पात्र नहीं हैं, लेकिन उनके नाम से योजनाएं ली गयी।

### ब्याज सहित गबन की राशि वसूलने का निर्देश

ब्याज अर्थदंड सहित कुल 27,87,811.68 (सत्ताईस लाख सतासी हजार आठ सौ ग्यारह रुपये अड़सठ पैसे) की वसूली के लिए नोटिस जारी किये गये थे। मुखिया सुमिता देवी ने 11,92,635.30 और शिव कुमार प्रसाद ने 11,02,615.50 जमा नहीं किये, कुल 22,95,250.80 जमा नहीं किये गये है। मेसर्स निर्मला गोयटरी (प्रोप्राइटर झमन कुमार महतो) ने बार-बार सूचना देने के बावजूद 19 योजनाओं के लिए सामग्री आपूर्ति आदेश या बिल का कोई सबूत उपलब्ध नहीं कराया।

इन योजनाओं के लिए मापी पुस्तिका (एमबी) कनीय अभियंता द्वारा संधारित नहीं की गयी थी। विभिन्न दस्तावेजों, विशेषकर मास्टर रोल सहित, में मुखिया सुमिता देवी के हस्ताक्षर में काफी भिन्नता पायी गयी है। मुखिया उनके पति और अन्य आरोपी व्यक्तियों ने तत्कालीन पंचायत सचिव और सामग्री आपूर्तिकर्ता के साथ मिलीभगत कर मजदूरी मद में 2,94,561.00 और सामग्री मद में 19,01,367.21, कुल राशि 21,95,928.21 का अवैध निकासी कर सरकारी राशि का गबन किया है।

**मृत व्यक्तियों को भुगतान**

जगदीश रविदास की जमीन में गाय शेड निर्माण योजना में, लाभार्थी स्वर्गीय जगदीश रविदास की मृत्यु 13 जून 2024 को होने के बाद भी 3 जुलाई 2024 को सामग्री मद में 1,08,415.20 (एक लाख आठ हजार चार सौ पंद्रह रुपये बीस पैसे मात्र) का भुगतान किया गया। इस योजना में प्रखंड स्तरीय जांच टीम के अनुसार केवल तीन फीट कार्य हुआ था। मृतक लाभार्थी का पुत्र सरकारी सेवा में शिक्षक पद पर कार्यरत है और इस प्रकार ऐसी योजनाओं के लिए अयोग्य है।

# रामगढ़ पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## सब्जी बेचने वाले आकाश के खाते में ट्रांसफर हुए 54 लाख

**हरणा हॉस्पिटल के संचालक सन्नी के खाते में 50 हजार, पत्नी कोमल के खाते में 7.5 लाख**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के रांची रोड मरार निवासी रविंद्र साहू को ठगने वाले लोग बेहद सामान्य काम करते हैं। जिस आकाश को पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तार किया, उसके खाते में 54 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये थे। इतनी मोटी रकम रविंद्र साहू से निकलवाने में यह गैंग सफल रहा था। धनबाद जिले के टीना गोदाम पश्चिमी कोयरी, बांध रोड, झरिया धनबाद निवासी आकाश कुमार सब्जी दुकान चलाता है। पुलिस ने जब उसका बैंक खाता खंगाला तो ठगी की रकम साफ-साफ झलकने लगी। सब्जी खरीदने वाले ग्राहक उसे बेहद मामूली रकम अदा करते थे। लेकिन जब रविंद्र साहू के द्वारा अकाउंट में पैसा भेजा गया तो वह बेहद मोटी रकम थी। रविंद्र साहू से शातिर ठगों ने 80 लाख रुपये निकलवाए थे। जिसमें 54 लाख रुपये अकेले आकाश कुमार के खाते में डलवाए गये थे। आकाश के पिता जय साव के घर जब रामगढ़ पुलिस पहुंची तो वह भी चौंक गये। जब उन्हें ठगी की इतनी बड़ी साजिश का पता चला तो उनके होश उड़ गये। रविंद्र साहू ने आरोप लगाया था की ठगी की रकम से अपराधी अपना व्यापार बढ़ा रहे थे। पुलिस को भी यह साफ नजर आया कि वह किसी ने किसी रूप में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए उस पैसे का इस्तेमाल कर चुके हैं।

### हरणा हॉस्पिटल का संचालन करता था सन्नी

धनबाद जिले के कतरास मंडारीडीह निवासी सन्नी कुमार उर्फ सन्नी रवानी अपनी पत्नी कोमल कुमारी के साथ बंसी लाल चौक पर रह रहा था। वह हरणा हॉस्पिटल का संचालन करता था। आम नागरिकों के बीच में उसकी छवि इस तरह थी कि वह हॉस्पिटल चला कर ही अपने परिवार का गुजारा कर रहा है। अस्पताल में बतौर मैनेजर के रूप में वह पिछले कई वर्षों से कम कर रहा था। अचानक से जब उसके पास पैसे पहुंचने लगे तो वह अपने अस्पताल के व्यापार में भी इन्वेस्ट करने लगा। हालांकि उसके खाते में 50 हजार 500 रुपए ही ट्रांसफर किये गये हैं। सनी ने बेहद शातिर तरीके से ठगी की रकम अपनी पत्नी कोमल कुमारी के अकाउंट में मंगवाया। उसकी पत्नी गृहणी है और उसके खाते में 7.50 लाख रुपये ट्रांसफर कराए गये थे। इस रकम का इस्तेमाल पति-पत्नी ने मिलकर किया था।

**तीन अन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने में जुटी पुलिस :** रामगढ़ पुलिस अब ठग गिरोह के चार अन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। ठग गिरोह का मुख्य सरगना अनिकेत वर्मा है, जिसके नाम और पते का सत्यापन पुलिस कर रही है। इसके अलावा सूरज कुमार साहू और नंदिनी साहू को पुलिस तलाश रही है। पुलिस को यह भी संदेह है कि उन लोगों ने भी ठगी की रकम से अपना बिजनेस बढ़ाया है। पुलिस इस बात का भी पता लग रही है कि गिरोह का मुख्य सरगना अनिकेत वर्मा किस तरह से बाकी साथियों से पैसे लेता था और किस तरह उसका बंटवारा होता था। कितने पैसे का इस्तेमाल गिरोह के किस सदस्य ने किया है। इन सभी चीजों पर अभी जांच जारी है।

## मौसम विभाग ने जारी किया एडवाइजरी आमजनों को सतर्क रहने की आवश्यकता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में 18, 19 और 20 जून को भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। जिसके मद्देनजर हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मौसम के रुख को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से समस्त जिलेवासियों से विशेष एहतियात और सावधानी बरतने की अपील की है। जिलेवासियों से अत्यावश्यक कार्यों को छोड़कर घर से बाहर न निकलें कि अपील की है। साथ ही बिजली के खंभों, पेड़ों, व नालों से दूर रहने, बारिश के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने, खुले स्थानों, नदी-नालों, पुलों से दूर रहने, प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करेंने की अपील की है।

## एंबुलेंस कर्मचारी की मांगे नहीं हुई पूरी चरणबद्ध होगा आंदोलन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ कोडरमा जिला इकाई के द्वारा उपायुक्त को एक आवेदन देकर संघ के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन की जानकारी दी गयी है। संघ के महामंत्री ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। 108 एंबुलेंस कर्मियों पर पूर्व और वर्तमान की संस्था के द्वारा लगातार अत्याचार और शोषण किया जा रहा है। जिसको लेकर समय-समय पर कर्मियों के द्वारा विभागीय मंत्री और अधिकारियों के पास गुहार लगाया गया। लेकिन उन्हें अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कर्मियों ने बताया कि कर्मचारियों को संस्था के द्वारा ऑफर और ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया जा रहा है। झारखंड सरकार के श्रम विभाग के नियमों का भी उल्लंघन किया जा रहा है। फील्ड वर्क कर्मचारियों को इएसआइ और इपीएफ बीमा सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। खराब एंबुलेंस को ऑन रोड रखना और सरकार से खराब एंबुलेंस का पैसा पास करवाना संस्था के द्वारा दबाव दिया जा रहा है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भी अनुचित व्यवहार और केस ट्रिप आधारित वेतन भुगतान दिया जा रहा है। जिससे कोई मरीज यदि एंबुलेंस की सेवा नहीं लेता है तो कर्मचारी का वेतन काट लिया जाता है। कर्मियों ने बताया कि 16 जून से 18 जून तक तीन दिनों तक एंबुलेंस कर्मी काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे हैं। इसके बाद 19 जून को समाहरणालय में कैंडल मार्च निकाला जायेगा। वहीं 28 जून को राजभवन के समक्ष राज्य स्तरीय एकदिवसीय महा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। मौके पर विकास राजवंशी, सुभाष कुमार यादव, उत्तम कुमार, संतोष कुमार, सिकंदर कुमार, पवन कुमार, सुधीर कुमार यादव, विद्यानंद कुमार, मोहम्मद कैफ अंसारी, सुमंत कुमार, छोटू कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफ्फसील थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के एनएच 522 तरवा- खरवा मोड के पास बुधवार की दोपहर भारी बारिश के बीच एक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। मृतक का नाम मोहम्मद हसीब पिता हकीम अंसारी इरगा दारु का निवासी था। हसीब एक बहुत ही होनहार युवक था और वर्तमान मे सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह शादीशुदा है और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे है। हसीब का छोटा भाई मोहम्मद रकीब वर्तमान मे जेपीएससी क्वालीफाई कर शिक्षा विभाग में उच्च पद पर कार्यरत है। घटना के बारे मे बताया गया कि हसीब अपनी लाल रंग कि स्कूटी संख्या जे एच 02 बीई 2120 से हजारीबाग से अपने घर इरगा दारु आ रहे तभी झुमरा से हजारीबाग की तरफ जा रहा पिकअप वाहन संख्या जेएच 10 सीडी 5384 द्वारा चकमा दिये जाने और वर्षा होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर कर घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से तत्काल एक कार से सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। युवक की मौत होने से उसके घर मे कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रो कर बहुत बुरा हाल था।

## थाना प्रभारी ने बच्चों को नशा न करने के प्रति किया जागरूक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चलकुशा में निषिद्ध मादक पदार्थ रोकथाम हेतु चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाध्यापक मो नौशाद और चलकुशा थाना प्रभारी चितरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। थाना प्रभारी ने बच्चों के द्वारा ध्रुमपान करने से क्या नुकसान होता है इस पर अवगत कराते हुए नशा न करने का सलाह दिया। इस चित्रांकन कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त तारकनाथ कुमार साव, द्वितीय स्थान सुप्रिया कुमारी, तृतीय स्थान सब्बीर अंसारी ने किया। इन सभी बच्चों को थाना प्रभारी के द्वारा डायरी, एंट्रीबॉक्स, पेंसिल टॉफी का वितरण भी किया गया। इस प्रतियोगिता में जोरी मेंबर के रूप में संजय कुमार, सुरेश महतो, विवेक कुमार दास और विद्यालय के सभी शिक्षक विशेष रूप से शामिल थे।

# नयामोड़ में 5 एकड़ अवैध अतिक्रमण पर चला वन विभाग का बुलडोजर

**दर्जनों अवैध दुकान, होटल, गुमटी, शराब दुकान और खटाल जमींदोज**

**भारी बारिश के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान रहा जारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के नयामोड़ स्थित एनएच 33 के किनारे वन भूमि पर वर्षों से जमे अवैध अतिक्रमणकारियों पर बुधवार को विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई कर पांच एकड़ भूमि को मुक्त कराया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी पुलिस बल और वन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत दर्जनों दुकानों, गैराज, होटल, गुमटियों, शराब दुकान और खटालो को सुबह 9 बजे से देर शाम तक बुलडोजर के माध्यम से जमींदोज किया गया। बीच बीच अतिक्रमणकारियों और ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद वन विभाग का कार्रवाई जारी रहा।

इस दौरान तकरीबन एक किलोमीटर के दायरे में करीब 5 एकड़ पर अवैध रूप से बने खटाल, होटल समेत दुकानों को ध्वस्त कर वन भूमि को मुक्त कराया गया। अभियान के तहत वन भूमि पर संचालित अवैध डीजल पेट्रोल दुकान पर चलाकर उनका अस्तित्व समाप्त किया गया। वहीं, ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित तूफानी होटल और भोजपुर होटल को भी ध्वस्त किया गया। इधर, भारी बारिश के बीच भी वन विभाग का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा।

**नयामोड़ पुलिस छावनी में तब्दील :** अतिक्रमण अभियान के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। इसके तहत कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल के अलावे जिला मुख्यालय से बड़ी संख्या में महिला पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और आंसु गैस स्क्वाड की तैनाती की गयी थी। ताकि किसी तरह की कानून व्यवस्था में खलल न पड़े। इसके अतिरिक्त वन विभाग के दर्जनों अधिकारी और वनकर्मी मुस्तैदी से अभियान का दिशा निर्देश कर रहे थे।

मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात मांडू सीआई रामरतन पांडेय ने बताया कि वन भूमि पर अवैध रूप से बने दुकान व गैराज बनाए लोगों को नोटिस जारी कर सुबह में ही लाउडस्पीकर के माध्यम से भूमि को खाली करने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद भी दुकानदारों द्वारा भूमि को खाली नहीं कराया गया। जिसके बाद अभियान चलाकर वन भूमि को खाली कराया जा रहा है।

### मांडू विधायक की मौजूदगी भी रही बेअसर

ग्रामीणों के विशेष बुलावे पर मौके पर पहुंचे मांडू विधायक निर्मल महतो ने मौजूद मांडू सीआई सह मजिस्ट्रेट रामरतन पांडेय और कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान से तुरंत अभियान रोकते हुए 15 दिनों की मोहलत देने का आग्रह किया। साथ ही, डीसी रामगढ़ और डीएफओ रामगढ़ से वार्ता कर मामले को सुलझाने का आग्रह किया। लेकिन अधिकारियों ने अपने वरीय पदाधिकारियों से बिना किसी दूसरे आदेश के अभियान को रोकने में असमर्थता जतायी। विधायक के वहां से हटते ही पुनः अभियान जोर शोर से जारी हो गया।

## चतरा में अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांव बरियातू के नजदीक सड़क किनारे एक अफीम तस्कर अवैध अफीम बेचने के प्रयास में था। छापामारी दल ने उसे अपनी हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। उसके पास से 2.225 अफीम बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस द्वारा पुछताछ में अपना नाम सुखराम हसापूर्ति उम्र - 22 वर्ष , पिता - बाली हसापूर्ति, ग्राम -- केवरा, पोस्ट - सर्वदा, थाना - मुरहू , जिला -- खूंटी बताया। पुलिस अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रखी है। इन तस्करों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए गिद्धौर थाना कांड संख्या 45/ 25 दिनांक 17. 06. 025 धारा - 18 /22 / 27 / 28 / 29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में शुभम कुमार खंडेलवाल अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, पुलिस निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम समेत गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान एवं चौकीदार शामिल थे।

## भ-ूमाफिया की नजर सरकारी जमीन पर पड़ते ही विभाग हुआ मुखर

# बोर्ड लगाकर जमीन खरीद-बिक्री नहीं करने की दी हिदायत

**कटकमदाग प्रखंड में इन दिनों भूमाफिया गिरोह सक्रिय है, कभी नदी तो कभी जंगल की जमीन हड़पने का कर रहे है प्रयास**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड में भूमाफियाओं का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि ये लोग सरकारी जमीन की खरीद बिक्री करने के लिए उतावला है। यही कारण है कि पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ढेंगुरा गांव में बोर्ड लगाकर वन भूमि क्षेत्र की जमीन का खरीद बिक्री नहीं करने की हिदायत दी है। बोर्ड में लिखा है कि कटकमदाग अंचल क्षेत्र के मौजा ढेंगुरा के प्लांट संख्या 2455 जो कि सरकार द्वारा अधिसूचित वन भूमि का प्लांट है। उक्त प्लांट से संबंधित वाद सिनियर सिविल जज वन के न्यायालय में लंबित है। इस परिस्थिति में वन भूमि के खरीद बिक्री में संलिप्त होना भारतीय वन अधिनियम का उल्लघंन माना जायेगा। बावजूद इस नियम का अगर पालन नहीं किया गया तो विभाग विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। बताया जाता है कि कटकमदाग प्रखंड में सरकारी जमीन का अतिक्रमण काफी ज्यादा किया गया है। चाहे वह जंगल क्षेत्र का हो या फिर नदी, नाला, तालाब, श्मशान घाट आदि है। कई लोग आज वन भूमि क्षेत्र के कई एक-ड़ को कब्जा कर घर बना लिए हैं और कई एकड़ भूमि पर खेती किसानी का काम कर रहे है। इस मामले में वन विभाग ने कई लोगों पर केस भी दर्ज किया है। इसी प्रखंड में दो दिन पूर्व सिरसी गांव में नदी और श्मशान घाट को भी कब्जा करने में भूमाफिया लगे हुए थे। लेकिन कटकमदाग सीओ विजय कुमार महतो ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। हजारीबाग शहर से नजदीक कटकमदाग प्रखंड के राज्स्व ग्राम सिरसी में कोनार नदी है जहां पर सालों भर पानी बहती रहती है। इस नदी पर जहां लोग अलौकिक कार्य करते हैं और इसी नदी के पानी से किसान गर्मी में भी जेठुआ फसल उगाकर जीविकोपार्जन करते हैं। लेकिन इस नदी पर जमीन माफियाओं की गिद्ध नजर पड़ गयी। जिसके बाद नदी की बहती धाराओं को मिट्टी भरवाकर पानी को रोक दिया और फिर वहां रास्ता बनाने की तैयारी की जा रही थी। तभी इसकी सूचना कटकमदाग सीओ विजय कुमार महतो को मिली। सुचना मिलते ही कटकमदाग सीओ पुलिस बल के साथ नदी अतिक्रमण स्थल पर पहुंच कर नदी को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस बाबत उन्होंने कहा कि नदी की धाराओं को इस प्रकार कोई अवरूद्ध नहीं कर सकता। यह कानूनन अपराध है। इस नदी के अतिक्रमणकारियों की पहचान की जा रही है। पहचान होते ही न्याय संगत कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक जमीन का अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे जमीन पर कब्जा करने के लिए सोच रहे लोग सावधान हो जायें अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सांसद के प्रयास से टाउन हॉल में सैकड़ों दिव्यांगजनों मिला इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर

# दिव्यांग को समाज के सहयोग की जरूरत है, सांसद की पहल सराहनीय : राजीव




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा सोमवार को रामगढ़ टाउन हॉल सभागार में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, हियरिंग मशीन, और सहयोगी उपकरण वितरण किया गया। दिव्यांगजनों के बीच वितरण सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के द्वारा किया गया।

**चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का किया था परीक्षण:** बताते चले पिछले दिनों रामगढ़ टाउन हाल में सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर एलिम्को द्वारा अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया गया था और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र/ उपकरण के लिए सूची तैयार की गयी थी। उनसे जरूरत के दस्तावेज यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआइडी कार्ड/ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड/आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया था।

**कौन कौन थे उपस्थित**

समारोह में रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, रामगढ़ ग्रामीण मंडल सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह, नगर परिषद मंडल सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशु बेदिया, रामगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय साह के द्वारा वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की कंपनी टीम एलिम्को को प्रेरित करके यह वितरण शिविर लगवाया गया है। उन्होंने कहा दिव्यांग को समाज के सहयोग की जरूरत है और तन, मन और धन से हम अपने स्तर से सहयोग को तत्पर रहेंगे। आज इस अवसर पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर और सहयोगी उपकरण वितरण किया जा रहा है। जिन दिव्यांजनों का दिव्यांगता 80% से कम था उन्हें आज इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल नहीं दिया गया । उन्हें भी सांसद के पहल पर बहुत जल्द ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया जायेगा।

www.epaper.azadsipahi.in
19 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 239

इरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बच्चों में प्रतिभा और हुनर की कमी नहीं, सही गाइडेंस की जरूरत : हेमंत

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 'टेक बी' कार्यक्रम के लिए हुआ एमओयू

- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा एचसीएल टेक के बीच समझौता
- 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रशिक्षण के साथ नौकरी और उच्च शिक्षा का मिलेगा अवसर



### कंपनियों-संस्थानों को सरकार पूरा सहयोग करेगी

मुख्यमंत्री ने 12 वीं कक्षा के बाद से ही झारखंड के विद्यार्थियों को आइटी सेक्टर से जोड़ने की दिशा में एचसीएल के 'टेक बी' कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के साथ नौकरी उपलब्ध कराने के लिए अगर कोई कंपनी-संस्थान पहल करती है, तो उसे राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है।

### निश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का एक मौका

हेमंत सोरेन ने कहा कि 'टेक बी' एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के साथ ही निश्चित भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। इतना ही नहीं,सफल प्रशिक्षण के बाद नौकरी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पूरी लगन के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपने करियर को नयी दिशा दें। इस कार्यक्रम से संबंधित सभी तरह की जानकारियां स्कूली विद्यार्थियों तक पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उनके करियर निर्माण के लिए नयी पीढ़ी को रास्ता दिखाने और नया आयाम जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम 'टेक बी' के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर एक बड़ा कदम है। इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 'टेक बी' कार्यक्रम के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच समझौता हुआ। इस कार्यक्रम के तहत 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रशिक्षण के साथ नौकरी और उच्च शिक्षा के भी अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चे-बच्चियों में प्रतिभा और हुनर की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि इन्हें कैसे सही रास्ता दिखाया जाये, ताकि वे आगे बढ़ सके। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यहां की नयी पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने के साथ कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार करती आ रही है।

**गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लें लाभः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है। चाहे आप इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हों, या मैनेजमेंट अथवा कोई और कोर्स, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिना किसी गारंटी के आपको 15 लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध होगा। सरकार की ओर से आप सभी को हर स्तर पर सहयोग किया जायेगा।

**कार्यक्रम में थे मौजूदः** इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन और एचसीएल टेक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुब्बारमण बालासुब्रमण्यम मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रंप की फोन पर 35 मिनट हुई बात

# भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी, ना स्वीकारेंगे : नरेंद्र मोदी

सीजफायर पाकिस्ताने के गिड़गिड़ाने पर हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान मोदी ने ट्रंप को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। साथ ही, मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बतायी गयी बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया।

**जी7 समिट में ट्रंप से नहीं हो पायी मुलाकात :** बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जी7 मोदी-ट्रंप की मुलाकात नहीं हो पायी थी। मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ही ट्रंप वहां से अमेरिका के लिए रवाना हो गये थे। इसके बाद दोनों नेताओं की फोन पर बात हुई। बातचीत करीब 35 मिनट चली।

**कनाडा में कई नेताओं से हुई मुलाकातः** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में तीन दिनों तक चले जी7 समिट का समापन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गेस्ट नेशन के तौर पर समिट का हिस्सा बने। इस दौरान उन्होंने कई विश्व नेताओं से मुलाकात की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मोदी का स्वागत किया। मोदी की इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से भी मिले। इसके अलावा मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ मोदी की मुलाकात हुई।



### क्रोएशिया पहुंचे नरेंद्र मोदी

**जगरेब।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा से क्रोएशिया पहुंच गये हैं। तीन देशों की यात्रा में ये मोदी का अंतिम पड़ाव है। इसके बाद वह गुरुवार को भारत लौट आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी यहां क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रपति जोरोन मिलानोविच से भी मुलाकात करेंगे। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है।



बताते चलें कि मोदी तीन देसों की यात्रा पर गये हैं। वह 15-16 जून को साइप्रस में थे। इसके बाद 17 जून को कनाडा में जी7 समिट में शामिल हुए। बुधवार को प्रधानमंत्री क्रोएशिया पहुंचे।

**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यों ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# नावा बाजार सीओ को एसीबी ने घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया

रमेश कुमार जमीन म्यूटेशन के बदले 30 हजार रुपये मांग रहा था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पलामू प्रमंडलीय एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को नावा बाजार के अंचल अधिकारी शैलेश कुमार को 30 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक शैलेश कुमार एक व्यक्ति से जमीन के म्यूटेशन के बदले 30 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़ित वादी ने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने योजना बनाकर जाल बिछाया और अधिकारी को रिश्वत लेते समय पकड़ लिया। एसीबी ने मौके से पैसे बरामद कर लिये हैं और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताते चलें कि पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने कुछ दिन पहले हुसैनाबाद प्रखंड में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को 4000 घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। एसीबी द्वारा लगातार हो रही कर्रवाई से इलाके के लोगों का राज्य सरकार पर विश्वास जगा है।



# भारी बारिश के कारण रांची के सभी स्कूल आज रहेंगे बंद

डीसी मंजू नाथ भजंत्री ने जारी किया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारी से अत्यधिक भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर स्कूली छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए 19 जून को रांची के सभी स्कूल बंद रहेंगे। केजी से 12वीं तक के सभी स्कूल बंद करने का आदेश रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने दिया है। बताते चलें कि देश और राज्य के मौसम विज्ञान विभाग ने 19 जून को भारी बारिश के परिप्रेक्ष्य में रेड जोन की श्रेणी में रांची जिले को चिन्हित करते हुए भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गयी है। इसके आलोक में रांची जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। रांची जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी/गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में केजी से 12वीं तक के स्कूलों को 19 जून को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

### आदेश का पालन नहीं करने वाले स्कूल होंगे उत्तरदायीः डीसी



डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा है कि आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित विद्यालय/संस्थान आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की सुसंगत धारा के तहत उत्तरदायी होंगे।

# इरान नहीं करेगा सरेंडर, अमेरिका को दी धमकी

## इरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई ने कहा, अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेहरान/तेल अवीव।** इरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक संदेश में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा। खामेनेई ने कहा कि जो लोग इरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि इरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। इरान थोपी गयी शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।

दरअसल, ट्रंप ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इरान के आसमान पर हमारा कब्जा है।

हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं। उधर, खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखायेंगे। इस ऐलान के बाद इरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं।



### अमेरिका ने सैन्य विमानों की तैनाती बढ़ायी

अमेरिका ने मंगलवार देर रात एयरफोर्स के रिफ्यूलिंग टैंकर और सी-17 मालवाहक विमान स्कॉटलैंड के प्रेस्टविक और इटली के एवियानो बेस पर भेजे हैं। अमेरिका, इरान से इजराइल की रक्षा के लिए मिडिल-इस्ट में सैन्य विमानों और युद्धपोतों की तैनाती बढ़ा रहा है। इसी रणनीति के तहत इटली और स्कॉटलैंड में भी तैनाती की गयी है। ऑरोरा इंटेल ने बताया कि एक दिन पहले अमेरिका ने इटली में अपने सैन्य अड्डे से दर्जन भर एफ-16 लड़ाकू विमानों को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ट्रांसफर कर दिया है।

रांची विश्वविद्यालय
(NAAC Accredited B++)
www.ranchiuniversity.ac.in




आज और कल की आवश्यकताओं को साधने हेतु आयोजित हमारे नानाविध रोजगार-परक व भविष्योन्मुखी कोर्स
1. M.B.A.
2. M.C.A.
3. M.Sc. in Electronics & Communication
4. M.Sc. in Biotechnology
5. M.A. in Public Administration
6. M.A. in Journalism & Mass Comm.
7. L.L.M
8. Human Rights Education
9. M.A. in Rural Development
10. M.A. in Jyotir Vigyan
11. M.A. in Archeology & Musiology
12. M.Sc. in Yogic Science
13. M.A./M.Sc. in Clinical Psychology
14. M.Sc. Environmental Science
15. M.A. in Fashion Design & Management Course
16. Performing M.A. in Fine Arts.- Music,Dance,Theatre & Fine Arts
17. M.A. in Clinical Psychology
18. Post Graduate Diploma in Medicinal Plant
19. Post Graduate Diploma in Guidance and Counselling Course
20. P.G. Diploma Course in Yogic Sc.
21. Forestry, Wild Life and Climate Change
22. Institute of Foreign Language Studies
23. Geology- Geo- Informatics, Gemology, Mineral Exploration, Global Sustainability & Climate Change
24. Radio Khanchi- 90.4 FM- (Radio Jockey) Copy Writer, Sound Producer, Radio Management.
25. Cyber Security
26. M.A. in Film Making & Production

विश्वविद्यालय के यशस्वी अंगीभूत कॉलेज
1. Ranchi Women's College, Ranchi
2 Marwari College, Ranchi
3. Doranda College, Ranchi
4. J.N. College, Dhurwa, Ranchi
5. S.S. Memorial College, Ranchi
6. R.L.S.Y. College, Ranchi
7. K.C.B. College, Bero
8. Birsa College, Khunti
9. Mandar College, Mandar
10. B.S. College, Lohardaga
11. Simdega College, Simdega
12. K.O. College, Gumla
13. B.N.J. College, Sisai, Gumla
14. P.P.K. College, Bundu, Ranchi
15. Degree Standard Women's College, Khunti
16. Women's College, Lohardaga
17. Model Degree College, Ghaghra, Gumla
18. Model Degree College, Bano, Simdega
19. Women's College, Simdega

हमारे ख्याति प्राप्त अल्पसंख्यक महाविद्यालय
1. संट जेवियर्स कॉलेज, रॉंची 2. निर्मला कॉलेज, रॉंची 3. गोस्सनर कॉलेज, रॉंची 4. योगोदा सत्संग कॉलेज, रॉंची 5. मौलाना आजाद कॉलेज, रांची

तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष एवं प्रवीण बनाने को तत्पर हमारी प्रतिष्ठित इकाईयाँ
1. RINPAS, Kanke
2. Central Tasar Institute, Nagri
3. Chotanagpur Law College, Namkum
4. CIP, Kanke
5. S.K. Bage College, Kolebira, Gumla
6. P.V.A.E. College, Chainpur, Gumla
7. S.G. Memorial College, Pandra, Ranchi
8. Tana Bhagat College, Ghaghra, Gumla
9. Silli College, Silli, Ranchi
10. Dumri College, Dumri, Gumla
11. St. Paul's College, Ranchi
12. Basia College, Basia
13. U.K.S. Dakra, Ranchi
14. St. Xaviers College, Simdega
15. RTC College, Dardag, Ormanjhi
St. Joshep's College, Torpa

उच्च कोटि के शिक्षकों को गढ़ते 29 बी.एड. कॉलेज
उच्च कोटि के नर्सों को तैयार करते 28 नर्सिंग कॉलेज
Memo No. : RU/DSW/613/2025
Dated : 18.06.2025

## जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नाली व्यवस्था ठप



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय बस्ती में नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मंगलवार देर रात से हो रही तेज बारिश के बाद इलाके की प्रमुख सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रखंड मुख्यालय की अधिकांश सड़कों पर दो फीट तक पानी जमा हो गया है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक ऑफ इंडिया शाखा से लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा तक की मुख्य सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गयी, जिससे लोगों को सड़क पार करने में खासी परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से जलजमाव का पानी आसपास की दुकानों में घुस गया, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। झोपड़ीनुमा दुकानों में बैठे विक्रेताओं की हालत और भी खराब रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हल्की बारिश में भी दो फीट तक पानी सड़क पर भर जाता है क्योंकि मुख्य सड़क पर कहीं भी नाली की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों और दुकानदारों ने कई बार प्रखंड प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह जल्द से जल्द नाली निर्माण की ओर ध्यान दे, ताकि हर साल बरसात में लोगों को इस तरह की परेशानी से न गुजरना पड़े।

## रथ मेला को लेकर शांति समिति की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आगामी 27 जून को भंडरा में लगने वाले ऐतिहासिक रंथ यात्रा मेला को लेकर भंडरा थाना परिसर मे बुधवार को थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में रथयात्रा धूमधाम और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने मेला कमेटी को मेला स्थल में वॉलिंटियर्स रखने का निर्देश दिया। बैठक में गर्मी को देखते हुए पानी उपलब्ध कराने की बात कही गयी। ऐतिहासिक भंडरा रथयात्रा मेला मे लोहरदगा बंगाल आदि जगहों से लाखों की संख्या में श्रद्धालू मेला देखने पहुंचते है। बैठक मे नौ दिवसीय ऐतिहासिक मेला मे शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। मेले मे असमाजिक तत्वों पर नजर रखने की योजना बनीं। इसमें समिति के सभी सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पुलिस प्रशासन आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। मेले में ड्रोन कैमरे से निगरानी पुलिस द्वारा की जायेगी। मौके पर डॉक्टर संजय कुमार, ईश्वरी मोहन शर्मा, रामकिशोर साहू, प्रकाश द्वीप, प्रदीप गुप्ता, परमेश्वर उरांव, ललन सोनार, आफताब आलम, अब्दुल कुदूस सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के आदर्शनगर में जिला आयुष विभाग के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ नि:शुल्क दवा भी दी गयी। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक डॉ शुभांकुर कुमारी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है की लोगों को रोगमुक्त किया जाये। मनुष्य का स्वास्थ्य एक ऐसा धन है। जिसको किसी से खरीदा नहीं जा सकता और सिर्फ अपने आहार, जीवन शैल पर निर्भर रहता है। वर्तमान समय में मानव अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो खुशहाल जिदगी यापन कर सकता है। अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली के सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। उन्होंने बताया कि अगर मनुष्य रोजाना तीस मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करता है तो स्वस्थ जीवन यापन कर सकता है। अंत में चिकित्सक शशि शालिनी ने बताया कि शिविर में मरीजों को नि:शुल्क हेमियोपैथ व आयुर्वेद दवाइयां वितरित की गयी। मनुष्य कमाई की दौड़ में अपना स्वास्थ्य मत खोना अन्यथा परिणाम बहुत खराब होगा होगा स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए अपनी सारी कमाई खो देगा। इस अवसर पर डॉ अम्बे कुमारी, डॉ चन्दन कुमार गुप्ता, डॉ राजीव कुमार, डॉ भरत कुमार दुबे, सहिया लालमुनि देवी गीता देवी, फागुनी देवी, संगीता देवी, विमला देवी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा जरूरी: निर्मला



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में स्थानीय आदिवासी बासावाड़ा में उरांव समाज समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मौके प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। भोपाल से आई उरांव समाज के केंद्रीय नेत्री निर्मला प्रधान मौजूद थीं। उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि ने उरांव समाज का इतिहास काफी स्वर्णिम रहा है। हमें अपने समाज को आगे ले जाने के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होने कहा कि उरांव समाज के बच्चों को कैसे बेहतर शिक्षा मिल सके इस पर हम सबको मिलना काम करना होगा। शिक्षा और जागरूकता से ही हमारा समाज आगे बढ़ सकता है, हमारी परंपरा और हमारे संस्कार को संरक्षित करना भी हम सब की जिम्मेवारी है। केंद्रीय नेता बंधन उरांव ने कहा कि उरांव समाज आज भी विकास के दौड़ में पीछे रह गया है। अब हम सभी को एक साथ मिलकर अपने समाज को आगे ले जाने के लिए संकल्प लेना होगा। लातेहार जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का दौर है, यदि हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देंगे तो आने वाला समय हमारे समाज के लिए उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे समाज में कुछ कुरीतियां हैं, जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना होगा। हमें यह संकल्प लेना है कि हमारे समाज का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बैठक में उरांव समाज के लोगों के उत्थान पर विचार विमर्श किया गया। सामाजिक एकता बनाने को लेकर जिला स्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया। जिला अध्यक्ष के रूप में लातेहार के अमरेश उरांव, सचिव मोहनलाल उरांव, उपाध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, सुनील उरांव और विकास उरांव, कोषाध्यक्ष किशोर उरांव, संगठन सचिव सरकार उरांव और संरक्षक समन्वयक रंथू उरांव को मनोनीत किया गया। बैठक में मोती उरांव, सुदेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, निर्मल उरांव, सर्वजीत उरांव समेत बड़ी संख्या में उरांव समाज के लोग उपस्थित थे।

## भारी बारिश की संभावना: लोहरदगा प्रशासन अलर्ट

# नियमित निगरानी करने का निर्देश

- आपदा से निपटने की तैयारियों को मिली रफ्तार
- जिला स्तरीय अधिकारियों को उपायुक्त ने दिये कड़े निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के मद्देनजर संभावित आपदाओं से निपटने के लिए लोहरदगा जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों और अधिकारियों को तैयारी के पुख्ता निर्देश जारी कर दिये गये हैं। जिला के अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर परिषद, विद्युत प्रमंडल, बीएसएनएल, अग्निशमन विभाग सहित सभी संबंधित इकाइयों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों, जलाशयों और तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाये। नदी-नालों का जलस्तर रोजाना मॉनिटर किया जाये और किसी भी खतरे की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के दौरान बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में विद्युत विभाग और पीएचइडी को आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है ताकि सेवा जल्द से जल्द बहाल की जा सके। संचार व्यवस्था बाधित होने पर सैटेलाइट फोन और वायरलेस संचार जैसे वैकल्पिक माध्यमों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ और तेज हवा के कारण लोगों के घर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में शेल्टर कैंप्स पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों या विद्यालयों में स्थापित किये जायेंगे। बेघर हुए परिवारों को एसडीआरएफ मानकों के अनुरूप राहत सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी। सड़कों पर पेड़ गिरने या मलबा आने से यातायात बाधित होने पर त्वरित सफाई और यातायात बहाली सुनिश्चित करने के लिए विभागों को विशेष तैयारी करने को कहा गया है। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने सभी जलाशयों, तटबंधों और जल संरचनाओं का स्थल निरीक्षण कर उनकी स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चालू बाढ़ सुरक्षा और कटाव-निरोधक कार्यों को मानसून पूर्व ही पूरा कर लेने की हिदायत दी गयी है। प्रत्येक प्रखंड और अंचल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना का निर्देश भी दिया गया है, ताकि आम जनता को समय पर सूचना और सहायता मिल सके। कंट्रोल रूम के संपर्क नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि मानसून के दौरान उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है और सभी विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने होंगे।

## उपायुक्त ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा की

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्रखंड स्तर से अग्रसारित आवेदनों की समीक्षा जिला स्तरीय समिति द्वारा की गयी। बैठक में प्राप्त मामलों की समीक्षा के उपरांत आवेदनों के प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से मंजूरी दी गयी। साथ ही प्राप्त मामलों में सभी को योजना में निर्धारित राशि के अनुसार लाभ प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड स्तर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शतप्रतिशत मरीजों का डेटा प्राप्त कर उन्हें पूर्ण रूप से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना अन्तर्गत प्राप्त राशि का पूर्ण इस्तेमाल करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना जो कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं मे से एक है। हमे संवेदनशील होकर कार्य करने और निर्णय लेने की आवश्यकता है और यह त्वरित कार्रवाई का हिस्सा बने। इस योजना से लाभान्वित वर्ग को त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभ प्रदान करे। किसी भी परिस्थिति में इसमें विलम्ब बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस योजना का लाभ के अंतर्गत तीन हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक की बीमारी के इलाज के लिए सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, विशुनपुर विधायक प्रतिनिधि अजहर इकबाल, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार समेत अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# मनिका ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की भयावह स्थिति: प्रो. ज्या द्रेंज

## कुल 40 विद्यालयों में केवल 40 शिक्षक कार्यरत हैं

- रसोइयों को 6 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे योजना की नियमितता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मनिका।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो ज्या द्रेंज ने स्थानीय मार्को डाक बंगला में आयोजित प्रेस में कहा कि लातेहार जिले के मनिका प्रखंड स्थित 40 एकल-शिक्षक प्राथमिक विद्यालयों शिक्षा व्यवस्था की भयावह स्थिति है। उन्होंने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 में नरेगा सहायता केंद्र, मनिका के सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त निष्कर्षों ने यह स्पष्ट किया गया है कि इन विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन हो रहा है और वंचित समुदायों के बच्चों के भविष्य को संकट में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों में सबसे गंभीर विषय शिक्षकों की भारी कमी है। कुल 40 विद्यालयों में केवल 40 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि छात्रों की संख्या और आरटीइ मानकों के अनुसार कम-से-कम 99 शिक्षकों की आवश्यकता थी। इसके अतिरिक्त, लगभग 87.5% शिक्षक अस्थायी (कॉन्ट्रैक्ट) आधार पर नियुक्त हैं, जिन्हें न तो स्थायी वेतन मिलता है और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है। महिला शिक्षकों की संख्या मात्र 15% है, जिससे छात्राओं के लिए सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता भी अत्यंत चिंताजनक स्थिति में है। विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम पायी गयी औसतन 1/3 छात्र ही उपस्थिति में मिले यह स्थिति शिक्षा के प्रति घटता विश्वास को दर्शाती है। कक्षा 5 तक के अधिकांश छात्र बुनियादी साक्षरता व गणना कौशल में कमजोर पाये गये। 84% छात्र एस/एटी समुदाय से आते हैं, जो पहले से ही सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित हैं। शिक्षकों का ध्यान शैक्षणिक कार्यों के बजाय प्रशासनिक कार्यों (जैसे रिपोर्टिंग, चुनाव ड्यूटी आदि) में अधिक देखा गया, जिससे शिक्षण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मूलभूत सुविधाएं की दृष्टि से भी स्थिति अत्यंत खराब पायी गयी। 82.5% विद्यालयों में शौचालय अनुपयोगी थे, बिजली, पानी, फर्नीचर और सुरक्षित भवनों की भारी कमी थी। कई विद्यालयों की छतें और दीवारें जर्जर थीं, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा है। मध्याह्न भोजन योजना का भी क्रियान्वयन असंतोषजनक मिला। भोजन में पोषण की भारी कमी थी और रसोइयों को 6 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे योजना की नियमितता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आरटीइ मानकों के अनुरूप तत्काल शिक्षक नियुक्ति करने, विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, सुरक्षित भवन और फर्नीचर की तत्काल व्यवस्था करने, महिला शिक्षकों की नियुक्ति बढ़ाने की मांग की। मौके पर जेम्स हेरेंज समेत कई लोग मौजूद थे।

# अंचल कार्यालय में खुरा की जमीन मामले को लेकर हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बुधवार की शाम 5 बजे बरवाडीह अंचल कार्यालय परिसर में खुरा के जमीनी मामले जमकर हंगामा हुआ। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार खुरा ग्राम के खाता सख्या 54 प्लाट 837 मे लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसमे महावीर साव के द्वारा गलत तरिके से बिना सहमति और खाता घटवाए जमीन की बिक्री लगातार की जा रही थी। जिसको लेकर दोनों पक्ष का विवाद मामला अंचल कार्यालय मे चल रहा था, और इसको लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए पुरे मामले की जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की बिक्री होने पर रोक लगाने की मांग सुदर्शन प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, सरदार प्रसाद दशरथ प्रसाद, समेत अन्य नें महावीर साव के खिलाफ सीओ से की। मामले की शिकायत के दौरान महावीर साव मौके पर मौजूद नहीं थे। पर उसके जमीन की खरीदारी करने को लेकर पुरानी बस्ती निवासी आनंद गुप्ता और रांची के कुछ अज्ञात लोग मौजूद थे। जिसे देख सुदर्शन प्रसाद समेत उनके पक्ष के लोग आक्रोषित हो गये। जिसे देख आनद कुमार मौके से फरार हो गये पर दो अन्य रांची के व्यक्ति पकड़ लिए गये। जिसको लेकर जमकर हंगामा हुआ और उन्हें भी वहां से खदेड दिया गया। वहीं मामले मे सीओ मनोज कुमार नें बताया की दोनों पक्ष के खिलाफ मामला चल रहा है चुकी जमीन को लेकर दोनों पक्ष के अलावे अन्य व्यक्ति कहा थे इसकी कोई जानकारी नहीं।

## 'नयी दिशा' अभियान को मिली बड़ी सफलता

# जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर बैजनाथ ने किया आत्मसमर्पण

- भटके हुए युवा सरकार 'नयी दिशा' अभियान के सार्थक पहल को देखते हुए मुख्य धारा से जुड़े: डीआइजी

**मुकेश कुमार सिंह**




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार झारखंड सरकार के उग्रवादी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत नई दिशा अभियान को एक और सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जे.जे.एम.पी.) के सब जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह, उम्र 32 वर्ष, पिता अंतू सिंह उर्फ आनंद सिंह, ग्राम सैलदाग थाना मनिका ने लातेहार पुलिस अधीक्षक सभागार में पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू परिक्षेत्र, नौशाद आलम, लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, समादेष्टा सीआरपीएफ 11 बटालियन यादराम बुनकर और सशस्त्र सीमा बल की 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

बैजनाथ सिंह पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह कई वर्षों से क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त था। आत्मसमर्पण के साथ ही उसे सरकार की पुनर्वास योजना का लाभ मिलेगा, जिससे वह मुख्यधारा में लौट सकेगा। यह आत्मसमर्पण झारखंड पुलिस की सतत रणनीति, भरोसेमंद संवाद और जनसहयोग का परिणाम है, जो जिले में शांति स्थापना की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बताते चलें कि बैद्यनाथ सिंह का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और इसने लातेहार जिले के मनिका, बरवाडीह, हेरहंज जैसे क्षेत्र में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। इन दिनों पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए कई अपराधियों को परलोक भेज दिया है वहीं कई उग्रवादियों ने सरकार के नई दिशा अभियान को देखते हुए आत्मसमर्पण भी किया है उसी कड़ी में बैजनाथ सिंह ने भी आत्मसमर्पण कर समाज के मजख़्या धार में वापस लौटने का निर्णय लिया है। पलामू डीआइजी नौशाद आलम ने कहा की भटके हुए युवा सरकार की नयी दिशा योजना के पहल पर सामाज में वापस लौटें और आत्म समर्पण कर अपने जीवन को अपने परिवार के साथ सही तरीके से बिताये। इस अवसर पर लातेहार पुलिस विभाग के कई लोग मौजूद थे।

## सैकड़ों खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लिया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और इसके दुरुपयोग को रोकने के उपाय से संबंधित जागरूकता हेतु पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, जिला सूचना जनसंपर्क विभाग और जिला खेल कार्यालय की ओर से लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लिया। यह दौड़ समाहरणालय मैदान से मैना बगीचा होते हुए हरमू के के एम पब्लिक, हन्ना क्लिनिक, एसपी कोठी, अंबेडकर प्रतिमा समाहरणालय मैदान में दौड़ संपन्न किया गया। इसके पश्चात रस्सा-कस्सी खेल का आयोजन किया गया जिसमें बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट 10 बालिका एवं 10 बालक खिलाड़ियों को चिन्हित किया गया जिन्हें जिला खेल कार्यालय लोहरदगा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, खेल सहायक लखन राम, मधु तिर्की, फुटबॉल प्रशिक्षक अजय सुभाष तिर्की, एथलीट प्रशिक्षिका नम्रता भगत, फुटबॉल प्रशिक्षिका पूजा कुमारी, क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार,कुश्ती प्रशिक्षक महादेव उरांव, पुलिस प्रशासन, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पूरे झारखंड में मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए झारखंड सरकार की पारिवारिक संकल्प मुहिम के अंतर्गत आज लोहरदगा के मंजुरमति हाई स्कूल में नशामुक्ति जीवन हमारा के उपलक्ष्य में कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ टीमों ने भाग लिया, जिनमें मंजुरमति हाई स्कूल, डीएवी स्कूल, दे बोर्डिंग सेंटर लोहरदगा, खेलो इंडिया सेंटर, और लोहरदगा जिला प्रशासनिक एथलेटिक्स सेंटर के बच्चे शामिल थे। इस टूर्नामेंट में लड़कों के समूह में विजेता रही मंजुरमति हाई स्कूल की टीम, जबकि लड़कियों के समूह में भी मंजुरमति हाई स्कूल की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जूनियर लड़कों में मंजुरमति हाई स्कूल की टीम उपविजेता रही, और लड़कियों में खेलो इंडिया सेंटर की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस सफल आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मदन मोहन पांडे, मंजुरमति हाई स्कूल के प्रिंसिपल मनोज्ञा पांडे, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा और खेल साहायक लखन राम, मधु तिर्की, जिला खेल समन्वयक राष्ट्रीय रेफरी प्रकाशित मिंज, शिल्पी कुमारी, साथ ही मंजूरमती हाई स्कूल के खेल शिक्षक राम स्वरूप प्रसाद भी उपस्थित थे। उनके साथ ही लोहरदगा डीएमटी के एथलेटिक्स कोच प्रशिक्षक विकास कुमार महतो भी मौजूद थे और दशय उरांव भी मौजूद थे। इन सभी के सहयोग से यह टूर्नामेंट हो पाया।

## आम बागवानी महोत्सव सह मेला का आयोजन




**मनिका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत दुंदु में बुधवार को आम महोत्सव बागवानी मेला का आयोजन किया गया। आम बागवानी महोत्सव का उद्घाटन बीडीओ संदीप कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, मुखिया चांदनी देवी नै संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना से लाभान्वित होकर लाभुक आत्मनिर्भर और स्वालंबित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाये गये आम बागवानी में आम फल प्रदर्शित करने के लिए पंचायत से लाभुक आम लेकर कार्यक्रम में पहुंचे। वही कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगायी जा रही है आम बागवानी किसान आत्म निर्भर बन रहे हैं। आम बागवानी से पर्यावरण सुरक्षा के साथ लोगों के लिए स्वरोजगार व आजीविका का एक अच्छा साधन है मौके पर लाभुको ने बताया कि वह आम बेचकर प्रतिवर्ष लाखों रुपये का कमाई कर लेते हैं। उपस्थित ग्रामीणों लाभकारी योजना की पूरी जानकारी प्राप्त कर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना लेने की इच्छा जतायी। मनरेगा पदाधिकारी मैं ग्रामीणों को उक्त योजना देने की स्वीकृति देने की बात कही। मौके पर पंचायत सेवक आत्मा सिंह, रोजगार सेवक मनोज कुमार, सीएफटी टीम, ग्राम प्रधान, जेसेलपीएस बीपीएम, दीदी सखी मंडल समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा शुरू



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला नेशनल पार्क के समीप स्थित प्रसिद्ध सरईडीह शिव मंदिर के वार्षिक वर्षगाठ उतसव पर मंगलवार से पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा की शुरुआत की गयी। कथा में प्रसिद्ध कथावाचक के रूप में अयोध्या से चलकर आए प्रदुमन शरण महाराज ने शिरकत की। श्री राम कथा के पहले दिन आयोजन समिति के द्वारा देर शाम कथावाचक से के साथ-साथ उनकी पूरी मंडली का आयोजन स्थल पर भविष्य स्वागत किया गया। मंदिर के संस्थापक अमरेश प्रसाद गुप्ता के साथ स्थानीय जिला परिषद संतोषी शेखर, मुखिया बुधेश्वर सिंह नीतू देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता नरेश प्रसाद समेत अन्य समिति के लोगों ने कथावाचक समेत उनकी पूरी मंडली का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। श्री राम कथा के दौरान कथावाचक प्रदुमन शरण महाराज ने कहा कि राम की महिमा अपरम्पार है। श्री राम कथा के दौरान भगवान राम के जीवन से जुड़ी कई भक्ति गीतों को कथा मंडली के कलाकारों नें पेश कर पुरे कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय बना दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता नें बताया की 20 जून को कलश यात्रा, 21 जून को वेदी पूजन, मूर्ति पूजन, के साथ रात्रि में कथा का समापन होगा जबकि 22 जून को हवन पूजन और भव्य भंडारा आयोजित किया आयेगा।

## आधार सीडिंग और आधार एक्टिव करने के लिए शिविर आज और कल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के वैसे छूटे लाभुक (18 से 50 वर्ष) जिनका आधार बैंक खाता आधार से एनपीसीआइ से मैप्ड नहीं है और आधार इनएक्टिव है। वैसे लाभुकों के लिए दिनांक 19 और 20 जून 2025 के लिए सभी प्रखंडों; लोहरदगा प्रखंड, भंडरा, कैरो, किस्को, कुडू, पेशरार, सेन्हा और लोहरदगा नगर परिषद के सभी वार्डों में कैंप का आयोजन किया जायेगा। ज्ञात हो कि मार्च 2025 के बाद सिर्फ आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भुगतान की जा रही है। कैंप से संबंधित सूचना के लिए संबंधित पंचायत सचिव या मुखिया या वार्ड सदस्य या संबंधित जनसेवक से प्राप्त की जा सकती है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रखंड प्रभारियों की सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने प्रखंड स्तर पर प्रभारी का गठन किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने बताया कि 21 जुन को योग दिवस पर सभी प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उसके बाद 24 जुन को सभी प्रखंड मुख्यालय पर भाषा विवाद मामले, स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार जनसमस्याओं को लेकर आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इन सभी कार्यक्रम को लेकर प्रखंड स्तर पर प्रभारी बनाये गये हैं, जिसमें रंका में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, रमकंडा में ओमप्रकाश केशरी, डंडा में ब्रजेश उपाध्याय, गढ़वा में सांसद बीडी राम, मेराल में बालमुकुंद सहाय, चिनियां में सुरज गुप्ता, खरौंधी में शारदा महेश प्रताप देव, केतार में रघुराज पांडेय, भवनाथपुर में मधुलता कुमारी, सगमा में इंद्रमणि जायसवाल, धुरकी में पुर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, डंडई में अनीता गुप्ता लक्ष्मण राम, बंशीधर नगर में पुर्व विधायक भानु प्रताप शाही रमना में अरविंद तुफानी, विशुनपुरा में राजीव रंजन तिवारी, मझीआंव में पुर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, कांडी में ओमप्रकाश तिवारी, बरडीहा में ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भंडरीया में मुकेश निरंजन सिन्हा, बड़गड़ में कुंवर सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

## भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र का जिओ फेंसिंग हेतु 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ सुपरवाइजर का बुधवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा सुशील कुमार राय के द्वारा अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर के सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर प्रभाकर मिर्धा अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, रोशन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर ऊंटारी एवं सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर उपेंद्र कुमार, कमल किशोर, चंद्रशेखर दुबे, रोहित चौबे, हरिद्वार तिवारी सहित हेल्प डिस्क मैनेजर उपस्थित थे।

## कूप निर्माण कर रहे मजदूर की मौत

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के केतार निवासी गोपीचंद चौधरी उम्र 63 वर्ष का मृत्यु कुआं निर्माण कार्य करने के दौरान हो गया। वे पूर्व में लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। माली हालत ठीक नहीं रहने के कारण उनका इलाज नहीं हो पाया। मृतक मेहनत मजदूरी कर किसी प्रकार जीवन यापन किया करते थे। अपने गांव के एक कुआं में मंगलवार को कार्य करने के दौरान बेहोश हो गए। आनन फानन में इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मदगड़ी गांव में अवैध महुआ शराब और गांजा पौधा समेत भारी मात्रा में जब्त सामान किया गया नष्ट



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में बुधवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ भंडरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा के नेतृत्व में चलाए गये इस विशेष अभियान में अवैध रूप से तैयार की जा रही महुआ शराब, जावा महुआ और शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी अभिजीत गौतम ने बताया कि अवैध शराब व नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशाखोरी और अवैध धंधे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। भंडरिया पुलिस का यह अभियान आने वाले दिनों में अन्य संवेदनशील इलाकों में भी चलाया जायेगा।

## प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

डंडई (आजाद सिपाही) । डंडई प्रखंड मुख्यालय के किसान उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र डंडई के द्वारा प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य मोहन पासवान, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेनू बाला, लेखापाल प्रेम नीलम समद सहित अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से फीता काट व फुटबॉल को किक मारकर सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता मैच की शुभारंभ किया। इसके बाद बालक वर्ग में जमा दो उच्च विद्यालय जरही बनाम उच्च विद्यालय तसरार के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। फुटबॉल मैच में प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय के वर्ग 9वीं से 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित फुटबॉल मैच को देखने के लिए दर्शकों की काफी भीड़ देखी गयी।

# दो देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने दो देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में गढ़वा थाना परिसर में प्रेसवार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार साहू को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग चौक के पास एक व्यक्ति हथियार के साथ देखा गया है, जो खोंडहर मंदिर की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर गढ़वा थाना में सनहा संख्या-39/2025, दिनांक 17.06.2025 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की गयी।

एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। रात करीब 9:45 बजे पुलिस टीम ने तिलदाग चौक से आगे खोनहर मंदिर रोड पर स्थित एक राइस मिल के पास संदिग्ध व्यक्ति को सफेद शर्ट पहने पैदल चलते देखा। पुलिस को देख वह भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन चारों ओर से घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान अखिलेश चंद्रवंशी (उम्र 38 वर्ष), पिता स्व. हरदेव राम, निवासी खोनहर थाना गढ़वा के रूप में हुई है। उसकी तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले बनपुरवा निवासी अरुण दुबे ने उसे दो हथियार रखने को दिए थे। जिसमें से एक उसके पास और दूसरा उसके घर में रखा था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके घर से दूसरा देशी कट्टा भी बरामद किया। दोनों हथियारों को विधिवत सील कर जब्त कर लिया गया। इस छापामारी दल में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीवी मंडल, गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि प्रदीप यादव, जनार्दन राउत, सअनि अभिमन्यु कुमार सिंह, शमीम अंसारी, प्रसिद्ध राम, अरविंद चौधरी, उत्तम समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से लोगों को मिली राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार देर रात से हो रहे मानसून की पहली बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे प्रखंड वासियों को राहत मिली है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने झारखंड की राजधानी रांची समेत गढ़वा जिले में अपनी पहली दस्तक दे दी। मंगलवार की देर रात बारिश शुरू हुई,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को राहत की सांस लेने का मौका दिया। इससे पहले एक सप्ताह से गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की नींदें उड़ा दी थीं। अचानक आए इस मौसम के बदलाव ने लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन साथ ही भीषण गर्मी से राहत भी दिलायी।

# पति को जहर देकर मार डाला, पत्नी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल सदर थाना क्षेत्र के ग्राम - बाहुकुदर निवासी बुद्धिनाथ सिंह की पत्नी सुनीता देवी के द्वारा अपने ही पति को जहर देकर मार डालने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतक बुद्धिनाथ सिंह की मां राजमती देवी ने रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि उसके बेटे की हत्या उसकी बहू ने ही जहर देकर कर दी है। उसने कहा कि उसकी बहू कभी भी उसके बेटे के साथ रहना नहीं चाहती थी। समाज व परिवार के दबाव में वह ससुराल आयी थी।

ज्ञात हो कि बुद्धिनाथ सिंह की



हत्यारिन महिला को जेल भेजती पुलिस।

शादी 11 मई 2025 को हुई थी, जो सुनीता देवी दूसरे दिन ही अपने मायके चली गयी थी। वहां वह अपने परिजनों को दूबारा ससुराल नहीं जाने की बात कही थी, क्योंकि सुनीता को बुद्धिनाथ शुरू से ही पसंद नहीं था, जिसके कारण वह उसके साथ नहीं रहना चाहती थी। हालांकि बुद्धिनाथ के ससुराल वाले इस शादी को बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास किया था। इस बाबत 5 जून को दोनों पक्षों के बीच पंचायती के बाद सुनीता को बुद्धिनाथ सिंह विदाई कराकर अपने घर ले आया और सुनीता 12 दिन तक बुद्धिनाथ के साथ किसी तरह रही। शनिवार को वे दोनों पति-पत्नी छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में बाजार करने गये हुये थे। वहां सुनीता के कहने पर बुद्धिनाथ ने कीटनाशक खरीदी थी। पत्नी ने कही थी कि फसलों में लग रहे कीटाणु को मारने के लिए कीटनाशक दवा की आवश्यकता है। बुद्धिनाथ को क्या पता कि जो कीटनाशक वह खरीद रहा है उससे उसकी हत्या कर दी जायेगी। पत्नी सुनीता ने पति बुद्धिनाथ को कीटनाशक जहर देकर मार डाला।

इसके संबंध में रंका थाना पुलिस का कहना है कि मृतक की मां के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। प्राथमिकी के आधार पर आरोपी महिला को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने बताया कि महिला से गहनता से पूछताछ के बाद उक्त सच्चाई सामने आई है। वह खुद ही पति की हत्या की बात स्वीकार कर ली है और उसे गढ़वा जेल भेज दिया गया है।

# पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता


**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा भाजपा नगर मंडल कार्यालय पुरानी बाजार रुक्मणी साहून धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे प्रभारी विनोद तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लखन गुप्ता के द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन मनोज महतो के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी, सुभाष केसरी, विनोद जायसवाल, विनय चंद्रवशी, विधायक प्रतिनिधि टिंकू गुप्ता, अरविंद पटवा मंडल पदाधिकारी संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, सत्येंद्र सोनी, छोटन सोनी, गिरधारी सोनी सोनू चंद्रवंशी, अमर कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन में देरी स्वीकार्य नहीं: डीसी

**उपायुक्त ने राजस्व मामलों को लेकर की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी अंचलों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनकी गहन समीक्षा की गयी। राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों से लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त की एवं निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, अतः कार्यों में लापरवाही अथवा विलंब किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगा। अगर किसी भी अधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध गलत कार्यों में संलिप्ता की खबर प्राप्त होगी तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में भू-अर्जन, दाखिल-खारिज, परिशोधन पोर्टल, सीमांकन, नक्शा त्रुटि सुधार, प्रमाण पत्र निर्गत कार्य, लंबित वादों की स्थिति सहित अन्य राजस्व संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री यादव ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ सुनवाई की जाए एवं लाभुकों को समय पर राहत प्रदान की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित समीक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित करने, सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखने तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से समाधान करने पर बल दिया। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को यह बात सुनिश्चित करने के लिए निदेशित किया गया कि किसी भी प्रकार के सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण न हो। यदि इस प्रकार के मामले प्रकाश में आए तो उसे तत्परता से अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को 'विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' थीम पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी ने की। इस दौरान उन्होंने और अन्य वक्ताओं ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कूटनीतिक प्रयासों, गरीबों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं तथा देश की सुरक्षा को लेकर उठाए गये सशक्त कदमों की सराहना की गयी। भाजपा नेताओं ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना जैसे कार्यक्रमों ने जन-जन को लाभ पहुंचाया है। सभा के अंत में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, हरिनंदन दुबे, मुकेश चंद्र चौबे, बैजनाथ शर्मा, ईश्वरी मेहता समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डंडई मिडिल स्कूल परिसर में बारिश का पानी भरा, शिक्षक और छात्र परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई ।** डंडई प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर में मॉनसून की पहली बारिश ने मुश्किलें खड़ी कर दीं। अचानक हुई बारिश के कारण विद्यालय परिसर में भारी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे विद्यालय में आने-जाने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, बारिश का पानी स्कूल परिसर में इस कदर भर गया कि न तो बच्चे ठीक से क्लास में पहुंच सके और न ही शिक्षकों का आवागमन सहज रहा। जबकि कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने से परहेज किया। स्थानीय ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बार बारिश के मौसम में यह समस्या उत्पन्न होती है। उनका कहना है कि पानी का निकासी सड़क की ओर था। पानी आसानी से सड़क में निकल जाता था। परंतु सड़क के पीसीसी निर्माण के बाद सड़क ऊंचीकरण हो गया। अब पानी सड़क पर नहीं निकल सकता। यही वजह है कि विद्यालय के कैंपस की पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है और जल का जमाव हो जा रहा है। विद्यालय के शिक्षकगण और ग्रामवासी प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल्द स्कूल परिसर में जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाये, ताकि बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े और स्कूल एक सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक वातावरण बना रह सके। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं अभिभावक अब जल्द से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

# योग प्रशिक्षकों और नागरिकों के बीच सेतु का काम करेगा प्रशासन : एसडीएम

**'कॉफी विद एसडीएम' में जिले के योग प्रशिक्षकों के साथ हुआ संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक संवाद 'कॉफी विद एसडीएम' में जिले के योग प्रशिक्षकों और योग प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सबसे प्रमुख भूमिका पतंजलि योग समिति की रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा ने की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न योग प्रशिक्षकों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

'कॉफी विद एसडीएम' साप्ताहिक संवाद श्रृंखला के क्रम में गुरुवार के इस विशेष कार्यक्रम का मूल उद्देश्य जिला प्रशासन और योग क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। इस अवसर पर संजय कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। योग प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और योग के प्रचार-प्रसार में आने वाली चुनौतियों तथा सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा। एसडीएम ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**योग कक्षाओं के लिए परिसर की जरूरत :** पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रास बिहारी तिवारी ने योग के प्रति समर्पित संवाद आयोजित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी का धन्यवाद किया, साथ ही उन्होंने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि गढ़वा में योग के 1000 प्रशिक्षित प्रशिक्षक हैं किंतु वे किन परिसरों में योग करवायें इसकी समस्या बनी रहती है। यदि प्रशासनिक स्तर से कुछ सरकारी भवनों को चिन्हित कर दिया जाये, तो वे वहां पर खाली टाइम में योग करवा सकते हैं। इस पर संजय कुमार ने कहा कि वे शहरी क्षेत्र के वार्ड विकास केंद्रों या सामुदायिक भवनों में सुबह-शाम योग करवाने के लिए नगर परिषद प्रशासन से बात करेंगे।

**योग कक्षाएं रहती हैं निशुल्क :** संवाद कार्यक्रम में पहुंचे 40 से अधिक योग प्रशिक्षकों ने कहा कि सभी योग कक्षाएं निशुल्क हैं, इसके प्रशिक्षक स्वैच्छिक रूप से जुड़े हुए हैं, उनका उद्देश्य लोगों को आरोग्य प्रदान करना है, इसलिए लोग अधिक से अधिक संख्या में उनके कार्यक्रमों से जुड़े।

**आयुष विभाग का बंद पड़ा वैलनेस सेंटर पुनः चालू हो :** युवा भारत संस्था के जिला प्रभारी वीरेंद्र पांडे ने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक सुधार के लिए जरूरी गतिविधि है। उन्होंने शहर में आयुष विभाग के अंतर्गत स्थापित योग और वैलनेस सेंटर के जनवरी 2024 से बंद पड़े होने की सूचना दी, साथ ही उन्होंने इसे तुरंत खुलवाने का अनुरोध किया।

**योग दिवस की तैयारियों पर हुई चर्चा :** इस दौरान आगामी 21 जून योग दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रणनीति बनायी गयी।

**सुझावों की दिशा में पहल करने का भरोसा दिया :** कार्यक्रम के मेजबान एसडीएम संजय कुमार ने सभी आमंत्रित सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अमल करने की दिशा में वे आवश्यक उपाय करेंगे, साथ ही योग कर्मियों एवं जिला प्रशासन के बीच वे एक सेतु का काम करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। इस दौरान कई लोगों ने अपने निजी जीवन से योग के कारण आए बदलावों के बारे में सबके बीच साझा किया।

**योग से हुये स्वास्थ्य लाभ अनुभव को साझा किया :** ऐसे ही एक सदस्य पंकज चौबे ने बताया कि उन्होंने योग करते हुए खुद का 26 किलो वजन घटाया है, उन्होंने फिट और स्लिम रहने के लिए दवाइयों का प्रयोग करने की वजाय योग करने की सलाह दी। उपरोक्त वक्ताओं के अलावा जिन लोगों ने अपने विचार और सुझाव रखे उनमें शिवकुमार साव, सुनीता द्विवेदी, बिमला देवी, चंपा तिवारी, पूजा ओझा, प्रियंका द्विवेदी, किरण तिवारी, सुचिता देवी, उपकार कुमार, सोनी चौबे, चंचला सिंह, ऋषि ठाकुर, गुप्तेश्वर मिश्र, आनंद कुमार, शैलेश कुमार शुक्ला, पंकज शुक्ला, राम प्रसाद गुप्ता, शोभा देवी, संतोष गुप्ता, छोटन कुमार, अंबिका प्रसाद आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और समाज को स्वस्थ एवं सक्रिय बनाने की सामूहिक प्रतिबद्धता और शांति पाठ के साथ हुआ।

## खड़ार टोला में भारी बारिश से महिंद्र भुइयां का घर गिरा, मदद की दरकार



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरसली पंचायत अंतर्गत खड़ार टोला में लगातार हो रही बारिश के कारण बुधवार को महिंद्र भुइयां का कच्चा मकान अचानक गिर गया। घटना के समय महिंद्र भुइयां अपने परिवार के साथ घर में मौजूद थे, लेकिन सौभाग्यवश सभी लोग सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि बुधवार को क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से मिट्टी कमजोर हो गई थी, जिससे घर की दीवारें दरकने लगी और मकान पूरी तरह से गिर गया। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है, जिससे पुनः घर बनाना उनके लिए कठिन चुनौती है। महिंद्र भुइयां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र श्रृंखला संख्या 23–24/ VI 20107 दिनांक: 11.06.2025 के अनुसार मैं राधो देवी, पति–बैजू गोप, ग्राम–हिसरी, रातु, पोस्ट–गुडू, थाना– रातु जिला रांची, पिन कोड–835222 (झारखण्ड) का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पुवर्क निम्न व्यान करता हू, जो मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है :–

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक एवं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम राधो देवी है। जो मेरे पति के सेवा रिकार्ड में नॉमिनी के रूप में पी.पी.ओ संख्या एस/038177/86 के तहत अंकित है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या– 842944769886 निर्गत है। जिसमें मेरा घरेलु एवं पुकारू नाम राधा देवी दर्ज है। जो गलत है।
4. यह कि राधो देवी एवं राधा देवी दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं ही हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र में आधार कार्ड में राधा देवी के नाम के स्थान पर सही नाम राधो देवी सुधार करवाने हेतू बना रही हूं।
6. यह कि उपरोक्त समस्त बाते सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर में जिम्मेवार होउंगी।

# टूटने लगी पति-पत्नी के 'रिश्तों की डोर'

मर्यादा पूर्ण जीवन बिताने का सारी दुनिया को संदेश देने वाले भारत में अब चंद लोग रिश्तों का सम्मान करने की नीति को भूलते जा रहे हैं। यहां तक कि सात जन्मों का साथ निभाने की कसमें खा कर विवाह बंधन में बंधने वाले दंपति एक-दूसरे की जान के प्यासे होने लगे हैं, जिसके उदाहरण इस प्रकार दर्ज हैं। 6 जून को बेंगलुरू में यशस नामक एक युवक ने अपनी प्रेमिका हरिनी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हरिनी उसके साथ अपने सम्बन्ध समाप्त करना चाहती थी जिस पर नाराज होकर यशस ने यह कदम उठाया। 7 जून को नालंदा के चकमदार गांव में छोटू नामक एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के कारण अपनी पत्नी पर सिलबट्टा से हमला करके मार डाला और फिर स्वयं भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। 7 जून को ही सिरसा (हरियाणा) के गांव रामपुरा ढिल्लों में रोहतास नामक व्यक्ति ने कस्सी से गला काट कर अपनी पत्नी माया देवी की हत्या कर दी और उसके बाद पुलिस को फोन करके कहा कि मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है, आकर देख लो। लाश घर में पड़ी है। 9 जून को मधेपुरा (उत्तर प्रदेश) के चिकनोटवा गांव में संजय नामक एक व्यक्ति ने अपनी भाभी के साथ प्रेम संबंधों के कारण अपनी पत्नी रूपम की हत्या करने के बाद उसे आग लगाकर जला डाला। 9 जून को ही बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के बेहतराई गांव में गौरी शंकर साहू और उसकी पत्नी रत्ना साहू के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने पर गौरी शंकर ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी रत्ना साहू के सिर और चेहरे पर तवे से कई वार कर दिये, जिससे उसकी मौत हो गयी। 9 जून को ही बेंगलुरू के अनेकल इलाके में शंकर नामक एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के कारण अपनी पत्नी मानसा का सिर काटने के बाद स्वयं ही पुलिस थाने जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। 9 जून को ही सिरसा (हरियाणा) में मक्खन शर्मा और उसकी पत्नी आरती के बीच किसी बात पर विवाद हो जाने के कारण मक्खन शर्मा ने आरती के सिर पर हथौड़ा मार कर उसकी जान ले ली और फिर स्वयं ही थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार मक्खन अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। 10 जून को इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की मेघालय में हत्या के आरोप में राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी तथा 3 भाड़े के हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। 10 जून को ही धमतरी (छत्तीसगढ़) के कोटपारा इलाके में अपनी पत्नी मीनाक्षी पटेल के चरित्र पर संदेह के चलते उसके पति धनेश्वर पटेल ने गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। झारखंड में गढ़वा जिला के रंका प्रखंड में भी बुद्धनाथ सिंह नामक व्यक्ति की उसकी पत्नी सुनीता देवी ने जहर देकर हत्या कर दी। बुद्धनाथ की शादी भी 11 मई को हुई थी। 14 जून को दोनों पति-पत्नी छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में बाजार करने के लिए गए हुए थे। यहां सुनीता के कहने पर बुद्धनाथ ने बाजार से कीटनाशक दवा खरीदी थी। सुनीता ने कहा था कि फसलों में लग रहे किट को मारने के लिए दवा की आवश्यकता है। बुद्धनाथ को यह कहां पता था कि जो कीटनाशक वह खरीद रहा है उसी से उसकी हत्या कर दी जाएगी। सुनीता ने बुद्धनाथ को कीटनाशक देकर मार डाला। इस तरह की घटनाएं जहां घोर निंदनीय हैं, वहीं ऐसा करने वालों को तेजी से कानूनी कार्रवाई करके कठोरतम दंड देने की आवश्यकता है।

**झारखंड में गढ़वा जिला के रंका प्रखंड में भी बुद्धनाथ सिंह नामक व्यक्ति की उसकी पत्नी सुनीता देवी ने जहर देकर हत्या कर दी। बुद्धनाथ की शादी भी 11 मई को हुई थी। 14 जून को दोनों पति-पत्नी छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में बाजार करने के लिए गए हुए थे। यहां सुनीता के कहने पर बुद्धनाथ ने बाजार से कीटनाशक दवा खरीदी थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नयी जान आ गयी। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है।**

# धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**गजेंद्र सिंह शेखावत**



जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था। कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया।

**राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है।**

यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आयेगी। 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नयी जान आ गयी। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किये गये, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गये। 2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट थाः भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गयी कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और ह्मन की बातह्व के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।

विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है, जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।

इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गये हैं।

राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

**(लेखक : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत 25 ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित



**550 से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज, पुनः 19 जून को लगेगा शिविर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में जनजातीय समुदायों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में 25 ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित शिविरों का उद्देश्य समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है। इस अवसर पर बहरागोड़ा के जलागाड़िया, बलागाडिया, बोड़ाम के डांगरडीह, चिमटी, चाकुलिया के कालीदासपुर, लुआग्राम, कालाझोर, धालभूमगढ़ के जुगीशोल, डुमरिया के चाटानीपानी, दामुकुचा, कालियाम कोचा, घाटशिला के धाकपाथर, कालाझोर, दीघा, जमशेदपुर सदर के कुडलुंग, गुड़ाबांदा के आंगारपाड़ा, बनमाकड़ी, फॉरेस्ट ब्लॉक, भालकी, गुड़ाबांदा और सिंहपुरा पंचायत के सबर टोला, मुसाबनी के ईचड़ा, पटमदा के केरुआ और पोटका के खडियाकोचा में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा, जाति प्रमाण पत्र, केसीसी, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, मातृ वंदना योजना, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, आवासीय प्रमाण पत्र, मुद्रा योजना समेत केंद्र और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के लिए आवेदन लिये गये। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत ग्रामीणों की टीबी और सिकलसेल जांच की गयी। साथ ही अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। 15 जून से जारी इस अभियान में अब तक कुल 1550 आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि की जा चुकी है। आगामी 19 जून को आयोजित होने वाले ग्राम स्तरीय शिविर में बहरागोड़ा के नेत्रा, चाकुलिया के चौठिया, माचाडीहा, शाकाभांगा धालभूमगढ़ में कनास, डुमरिया में रंगामाटिया, कालियाम, खैरबनी, दुबलाबेड़ा, हल्दीबनी, कुण्डालोचा, खड़िदा, घाटशिला के पहाड़पुर, जमशेदपुर प्रखंड के बेको, गुड़ाबांदा के आंगारपाड़ा, बनमाकड़ी, फॉरेस्ट ब्लॉक, भालकी, गुड़ाबांदा, सिंहपुरा पंचायत का सबर टोला, मुसाबनी के पटकिता, दुमांगकोचा, बाड़ेदा और पोटका के ग्वालकाटा शामिल है। इन शिविरों के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, स्वरोजगार योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ा जाएगा।जिला प्रशासन का यह अभियान जिले के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जायेगा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** क्रीड़ा भारती एवं श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।बुधवार को मंदिर प्रांगण में विधायक सरयू राय के उपस्थिति में बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।विधायक सरयू राय ने बताया इस वर्ष योग दिवस की थीम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ है। कार्यक्रम प्रातः 6 से 7 बजे तक मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा।बैठक में क्रीड़ा भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, मंदिर समिति के अशोक गोयल, रामाश्रय प्रसाद, अजय सिन्हा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चक्रधरपुर रेल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी दिशा निर्देशों को लागू किया



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** चक्रधरपुर रेल मंडल ने रेल यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्णय लिया। रेलवे ने यात्रियों से अपील की रेल परिसर और ट्रेनों में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह आगजनी की घटनाओं की संभावना बढ़ाता है।सहयात्रियों की स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है।रेल अधिनियम 1989 की धारा 167 के अंतर्गत यह दंडनीय अपराध है।उल्लंघन पर न्यूनतम 200 का जुर्माना लगाया जा सकता है।साथ ही स्टेशन परिसर,प्लेटफार्म और कोच में कूड़ा-कचरा फेंकना वर्जित है।यह स्वच्छता अभियानों को प्रभावित करता है।अन्य यात्रियों के यात्रा अनुभव को खराब करता है।इस उल्लंघन पर 500 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।इसके अलावा रेलवे ने यात्रियों को ज्वलनशील और खतरनाक वस्तुएं ले जाने से सख्ती से मना किया है।इन वस्तुओं से रेल सुरक्षा को गंभीर खतरा रहता है। प्रतिबंधित वस्तुओं में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन,गैस सिलेंडर, पटाखे, माचिस, सिगरेट, केरोसिन चूल्हा आदि शामिल हैं।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की वे इन नियमों का पूर्णतः पालन करें और किसी भी संदिग्ध या असुरक्षित गतिविधि की तुरंत सूचना रेल कर्मियों को दें। चक्रधरपुर मंडल की प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करना है।इसमें सभी यात्री की भागीदारी आवश्यक है।चक्रधरपुर रेल मंडल का यह पहल रेल यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता व सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने के उद्देश्य से उपयोगी होगा।

# लोयोला स्कूल टेल्को में सीआइएससीइ जोनल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन

**24 स्कूलों के 305 छात्र-छात्राएं हुए शामिल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल टेल्को में सीआईएससीई जोनल शतरंज चैंपियनशिप 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ।बुधवार को दो दिवसीय (18 और 19 जून) प्रतियोगिता में कुल 24 विद्यालयों के 305 छात्र-छात्राएं भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, प्रार्थना और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। मंच पर उपस्थित रेक्टर फादर केएम जोसेफ, फादर माइकल थानराज, प्राचार्या चरनजीत ओहसन और प्रशासक फादर जेरी डिसूजा की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। प्रतियोगिता का संचालन मुख्य निर्णायक जयंथ कुमार और सहायक निर्णायक चंदन ने की। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग के प्रथम स्थान टैगोर एकेडमी के कुमार संकल्प, द्वितीय लिटिल फ्लावर स्कूल के दर्श गौरव, तृतीय स्थान लिटिल फ्लावर स्कूल के वी आकाश, अंडर-17 मे प्रथम कार्मेल जूनियर कॉलेज के देबांजन सिन्हा, द्वितीय सेंट जेवियर्स इंग्लिश स्कूल के मोहम्मद जेशान, तृतीय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के राघवेंद्र गुप्ता, अंडर-14 में प्रथम कार्मेल जूनियर कॉलेज वैभव साई, द्वितीय केरल पब्लिक स्कूल के त्रिशानु मुखर्जी, तृतीय लोयोला स्कूल के निश्चय सिंह राणा को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता का समापन 19 जून को बालिका वर्ग के मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

# आरकेएफएल पर श्रम कानून उल्लंघन का आरोप

**श्रम अधीक्षक कार्यालय ने कंपनी प्रबंधन को भेजा कारण बताओ नोटिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर-गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग लिमिटेड के विभिन्न प्लांटों में कार्यरत हजारों मजदूरों के वेतन से प्रोडक्ट खराब होने के नाम पर की गई भारी कटौती अब कानूनी पचड़े में फंसती नजर आ रही है। मजदूरों द्वारा इस मनमानी के खिलाफ श्रम अधीक्षक कार्यालय में की गई शिकायत के बाद श्रम अधीक्षक ने कंपनी प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूरों के वेतन से बिना किसी पूर्व सूचना के विभागीय जांच या यूनियन की सहमति के प्रोडक्ट डिफेक्ट के नाम पर कटौती की गई। यह कार्रवाई न सिर्फ मजदूरी भुगतान अधिनियम,1936 की धारा 7 (2) () के प्रावधानों के उल्लंघन के अंतर्गत आती है, बल्कि यह औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 और औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 का भी सीधा उल्लंघन मानी जा रही है।श्रम अधीक्षक कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया कंपनी प्रबंधन को 24 जून को दोपहर 12:30 बजे तक लिखित पक्ष प्रस्तुत करना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई एवं अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।इसके अतिरिक्त श्रम अधीक्षक कार्यालय ने एक अन्य पत्र जारी कर यह भी स्पष्ट किया 100 या उससे अधिक श्रमिकों को नियोजित करने वाली प्रत्येक औद्योगिक इकाई को औद्योगिक नियोजन अधिनियम, 1946 की धारा 1(3) एवं 2(I)(५) के अनुसार स्थायी आदेश प्रमाणीकृत कराना अनिवार्य है। जो आरकेएफएल द्वारा अभी तक आदेश उपलब्ध नहीं कराया गया। इस पर भी कंपनी से 24 जून को प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने को कहा गया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जून, 2025
www.azadsipahi.in



### डीसी के जनता दरबार में आये 52 से अधिक आवेदन, समाधान करने का निर्देश

# बेटी के इलाज के लिए राशन कार्ड में नाम जोड़ने की गुहार

## लोगों की समस्याओं का निराकरण करना ही जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनती डीसी समीरा एस।

**मेदिनीनगर।** पलामू के समाहरणालय सभागार में बुधवार को आयोजित जनता दरबार में डीसी समीरा एस ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है। इसके माध्यम से जनता को सीधा लाभ दिया जा रहा है। सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में लोगों को आ रही बाधाओं को दूर कर योग्य लाभुकों को सुगमतापूर्वक लाभ पहुंचाना है। वहीं, प्रत्येक बुधवार की तरह इस दिन भी जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। आवेदन देकर सभी ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित जानकारी डीसी को दी। इस दौरान जनता दरबार में 52 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों को हर मामले की गंभीरता से जांच कर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करते हुए आवेदनों का निष्पादन करने एवं आवेदकों को अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के साथ ही कृत कार्रवाई से कार्यालय को अवगत कराने का सख्त निर्देश दिया है। वहीं, डीसी के जनता दरबार में पंडवा प्रखंड निवासी ने अपनी बेटी इलाज के लिए राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की गुहार लगाई। कहा कि वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का सदस्य हैं। उनकी बेटी को मेडिकल चेकअप की आवश्यता है। इसके लिए वह राशन कार्ड में बेटी का नाम अंकित कराना चाहती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया है, जो लंबित है। इस पर डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को तत्परता के साथ नाम जोड़ने संबंधी कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में छतरपुर के ग्राम चिरू टोला भलही की प्रतिमा कुमारी एवं चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के खौंराहा की कंचन देवी ने आंगनबाड़ी सेविका के पद पर चयन करने की मांग की। पाटन के करर गांव के बचन साव ने पुराना सर्वे के आम रास्ता अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया। पिपराटांड़ के ग्रामीणों ने झारभूमि में ऑनलाईन में नाम चढ़ाकर ऑनलाईन रसीद निर्गत कराने को लेकर आवेदन दिया।चैनपुर प्रखंड के बरॉव गांव निवासी उर्मिला देवी अबुआ आवास की सूची में नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों ने ऑनलाईन रसीद कटवाने, दाखिल खारिज कराने, जमीन को कब्जा मुक्त कराने सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया।

## मुखिया ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत महुअरि पंचायत के झरहा टोला चिरैयाखंड में शिव स्थान नदी के तट पर मुखिया सरिता कुमारी ने बुधवार को छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि छठ घाट का निर्माण होने से स्थानीय छठ व्रतियों को काफी सुविधा होगी। यह छठ घाट स्थानीय लोगों की एक प्रमुख मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। यह शिलान्यास महुअरि पंचायत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पंचायत क्षेत्र से जुड़े सभी गांव एवं कस्बों में विकास कार्य किये जा रहे हैं। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान, सुधीर कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, भूलन प्रसाद, अंबिका प्रसाद सिंह, जय राम, विजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, दशरथ सिंह, नागेंद्र सिंह, संतोष कुमार यादव, बलिराम बैठा, शिवनाथ राम, ललन रजवार आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को मातृशोक, शोक सभा आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रख्यात साहित्यकार सह सेवानिवृत्त शिक्षक अंगद प्रसाद की माता देवमानी देवी का मंगलवार की शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। शोकाकुल परिजनों को ढ़ाढस बंधाने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय सोन नदी स्थित दास स्थल पहुंचे। अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित किया गया। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इसमें राजद नेता विनय सिंह यादव, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, विनोद प्रजापति, समाजसेवी भोला विश्वकर्मा, भाजपा नेता उदयनाथ विश्वकर्मा, बिजली विभाग के कर्मी जितेंद्र ठाकुर, अजाप्टा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे, संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय, विनोद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, सचिव निर्मल कुमार, कन्हैया प्रसाद, सुरेन्द्र राम, रंजीत कुमार, शकील अहमद, अवधेश पासवान, विनोद पासवान, विकास कुमार, वीरेंद्र कुमार, राम लाल राम, राजेश सिन्हा, शंकर पासवान, मनोज कुमार चौधरी, संतोष कुमार गुप्ता, जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद पासवान, सुनील पासवान, जय प्रकाश शर्मा, मृत्युंजय कुमार, छतरपुर अध्यक्ष सुशील कुमार और चंचल कुमार आदि मौजूद थे, जिन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## परेशानी : बरसात में सड़क पर होने वाले जलजमाव को लेकर होते रहती हैं झड़पें



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बाजार और शहर की सुंदरीकरण के नाम पर कई स्तर के प्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। पर वर्तमान में बारिश के मौसम में क्षेत्रों की खराब हालातों को भी देखने की जरूरत है। बाजार, शहरी क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं में नाली, गली, बिजली, पानी दुरुस्त मिलने का मुद्दा सुर्खियों में रहा है। जिसे पंचायती राज के दो कार्यकालों में भी निदान नहीं किया जा सका। हैदरनगर शहर के बैंक रोड, जवाहर पथ में शाम चार बजे शुरू हुई मौसम की पहली मूसलाधार बारिश ने ही विकास की सारी पोल खोली है। हर साल आवर्ती रुप में घरेलू नाली के बाहर आते ही समुचित जल की निकासी नहीं होना और सफाई की कमी से गंदे जलजमाव से सड़कों पर उफान आ जाता है। इसे लेकर कई बार मुहल्ले के लोग आपस में ही उलझकर एक-दूसरे पर नाली में कचरे डालने का दोषारोपण कर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। यह इलाका हैदरनगर पूर्वी पंचायत का दर्जा भी समेटे है। इसके बावजूद इस मुख्यालय और पंचायत के नारकीय स्थिति से आज तक उबारने में किसी भी स्तर के प्रतिनिधि, प्रशासन आदि सफल नहीं हो पाये हैं। विडंबना यह है कि मामूली बरसात के पानी में आम लोगों को शहर के किसी भी मुहल्ले में चलना दूभर हो जाता है।

## हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं से 300 रुपये वसूली का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय में एक वर्ग से दूसरे वर्ग में जाने के लिए स्कूल विकास फंड के नाम पर छात्राओं से 300 रुपये वसूले जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र पासवान ने इस मामले को उजागर करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक द्वारा छात्राओं को इसका कोई प्राप्ति रसीद तक नहीं दिया जाता है। रविंद्र पासवान ने बताया कि उन्होंने और मोहम्मद कयामुद्दीन अंसारी ने 16 जून को प्रधानाध्यापक से मुलाकात कर इस मामले पर चर्चा की। प्रधानाध्यापक ने वसूली की बात स्वीकार की, लेकिन रसीद देने से इन्कार कर दिया। बताया कि स्कूल में लगभग 900 छात्राएं है। यह तथ्य जांच का विषय है। सामाजिक कार्यकर्ता ने पलामू डीसी से अपील की कि वे इस मामले में जांच करें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने छात्राओं के परिजनों से पूछताछ करने और विधि संगत कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में विकास कार्य को लेकर सरकारी गाइड लाइन के अनुसार ही पैसे लिये जा रहे हैं, जो वैद्य है।

## चैनपुर में अवैध बालू भंडारण का खुलासा, 30 हजार सीएफटी बालू जब्त

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** एनजीटी पर रोक के बावजूद चैनपुर एवं आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का परिचालन जारी है। बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर जिला खनन निरीक्षक शुभम कुमार ने चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांवा पंचायत में तीन अलग-अलग जगह पर छापामारी कर अवैध रूप से भंडारण किये गये 30 हजार सीएफटी बालू को जब्त किया गया है। जिला खनन निरीक्षक ने बताया कि सूचना मिली थी कि भड़गांवा पंचायत के चट्टीपार, पिंडरा, कुरका में बालू का भंडारण किया गया है। जिसकी मापी करायी गयी।

### जल स्वच्छता समिति की बैठक में फेज टू की समीक्षा

# कचरे का हो माहवारी प्रबंधनः बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर/पलामू।** हैदरनगर प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रमुख कलावती देवी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज टू के तहत प्रखंड स्तर पर जल स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिसमें ओडीएफ प्लस गांव को मॉडल श्रेणी में घोषित एवं सत्यापित की गई। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने इसके निर्मित संरचनाओं, अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोग के प्रति गांवों में सक्रियता-जागरूकता कार्य में सतत मेहनत करने वाले प्रतिभागियों एवं जल सहियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा के बाद उनकी सराहना की। उन्होंने कचरे के प्रबंधन में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के योजनाओं को प्रमुखता से लेने का पंचायत सेवकों को निर्देश दिया। वहीं, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने उपस्थित प्रतिभागी को प्रखंड के गांवों को मॉडल के रुप में विकसित करने में सजगता से ठोस कचरे, तरल कचरे का प्रबंधन की योजना बनाने का निर्देश दिया। उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने गांवों की स्वच्छता एवं विकास के प्रति बिंदूवार समस्याओं को बैठक में साझा किया। वहीं, प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने प्लास्टिक कचरे में एकल पॉलीथीन को लोगों से हर हाल नकारने एवं इससे होने वाली स्वास्थ्य कुप्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने आजीविका मिशन की दीदीयों एवं उनके अधिकारियों द्वारा माहवारी स्वच्छता पखवाड़े के दौरान पेयजल स्वच्छता विभाग के जलसहियाओं के साथ बेहतर सहयोग से जागरूकता वृद्धि की प्रशंसा की। उन्होंने किशोरी बालिका को शिक्षा बढ़ावा के साथ भस्मक निर्माण कराने के प्रति पंचायत प्रतिनिधि को सजगता में हाथ बंटाने पर बल दिया। वहीं बेहतर स्वास्थ्य के लिये स्वच्छ मॉडल गांव में मनरेगा, 15 वें वित्त मद से स्वच्छता प्रबंधन की योजना पूरा करने की जरुरत पर चर्चा की गई। बैठक में किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह के अलावे कई कनीय-सहायक अभियंता, पंचायती राज के समन्वयक, पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

# देवघर के विभिन्न प्रखंडो में नये बैंकों की शाखा खोलने को लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश

## डीएलसीसी की बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता


विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी नमन प्रियेश लकड़ा।

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरसी), आसेटी सलाहकार समिति एवं पीएमईजीपी से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें डीसी ने पूर्व के दिशा निर्देश के अनुपालन के अलावा बिंदुबार तरीके से चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों, एलडीएम एवं बैंक प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ बेहतर तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने जिला अंतर्गत नगद जमा अनुपात (सीडी रेशियो), कुल कृषि लोन, बैंक वाइज केसीसी, शिक्षा ऋण, जेएसएलपीएस के समूह को क्रेडिट लिंकेज, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के साथ चल रहे विभिन्न कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कुल कृषि लोन के साथ बैंक वाइज केसीसी की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप किसानों को लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही प्राथमिकता के साथ कृषि से जुड़े ऋण स्वीकृति को लेकर एलडीएम को आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने कृषि क्षेत्र में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को अपना प्रदर्शन सुधारने के साथ ही शिक्षा और कृषि पर ऋण स्वीकृति करने से जुड़े मामलों का निष्पादन समय पर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एमएसएमइ, पीएमएसवीएनआइडीएचआइ, शिक्षा, आवास, उद्योग ऋण के अलावा प्राथमिकता एवं गैर प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत संबंधित विभागों के सहयोग से बैंको द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य प्रदर्शन को सुधारने का निर्देश संबंधित अधिकारियों-बैंको के अधिकारियों को दिया। साथ ही मुद्रा लोन एवं पीएमइजीपी के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में नए उद्योगों को स्थापित करने एवं स्टार्टअप के लिए व्यवसाय संपर्कों को स्थापित करते हुए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीसी ने जिले के विभिन्न प्रखंडो में नए बैंकों के शाखा को खोलने को लेकर प्रस्ताव बनाकर डीसी कार्यालय को भेजने का निर्देश एलडीएम को दिया, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर एलडीएम, महाप्रबंधक जिला उद्योग कैन्द्र, डीपीएम जेएसएलपीएस, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारी, बैंको के अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

## रिशु सिंह ने झारखंड जूनियर बुसु प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के रिशु सिंह ने झारखंड राज्य जूनियर बुसु प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि 21वीं झारखंड राज्य जूनियर बुसु प्रतियोगिता का आयोजन सिल्ली में हुआ था। इसमें पलामू से दो खिलाड़ी शशि भूषण कुमार और रिशु सिंह का चयन हुआ था। जहां बेहतर प्रदर्शन करते हुए रिशु ने जमशेदपुर एवं रांची जिले के कई खिलाड़ियों को मात देकर रजत पदक अपने नाम किया। इधर, रिशु की जीत पर पलामू जिला बुशु संघ के अध्यक्ष रमेश प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, संजय त्रिपाठी, अविनाश देव, सोनू नामधारी, रविंद्र सिंह, अमरेश कुमार, दीपेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी है।

## समान वेतन की मांग पर देवघर नगर निगम के जलापूर्ति शाखा के कर्मचारियों की हड़ताल शुरू




**देवघर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम के जलापूर्ति शाखा के सभी कर्मचारी बुधवार को एकजुट होकर हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। उधर, हड़ताल के कारण शहर में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उधर, धरने का नेतृत्व कर रहे जलापूर्ति शाखा के कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजय मंडल ने कहा कि कर्मचारियों को केवल वेतन दिया जा रहा है, जबकि अन्य कोई सुविधा नहीं मिल रही है। कहा कि हम समान काम करते हैं, लेकिन वेतन और सुविधा में भेदभाव किया जा रहा है। हमारी मांग है कि हमें भी अन्य स्थायी कर्मचारियों के समान वेतन और सुविधा मिले। कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि आउटसोर्सिंग कंपनी को हटाया जाए और सभी कर्मचारियों को सीधे नगर निगम के अधीन किया जाए। कर्मचारियों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी न केवल वेतन में कटौती करती है, बल्कि समय पर भुगतान भी नहीं करती है। इस दौरान कर्मचारियों ने 'समान कार्य के लिए समान वेतन दो', 'आउटसोर्सिंग बंद करो' जैसे नारे लगाए और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। साथ ही चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे। इस हड़ताल के चलते जलापूर्ति की सेवाएं बाधित हो सकती हैं, जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस विवाद का समाधान निकाला जाए, ताकि पानी जैसी बुनियादी सेवा में कोई अवरोध न आए।

## ट्रैफिक-पावर ब्लॉक, मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर ट्रेन रहेगी रद्द

**मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर-गिरिडीह सेक्शन के जगदीशपुर और महेशमुंडा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 17 और 18 की रीगर्डरिंग सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के उन्नयन कार्य करने के उद्देश्य से गुरुवार को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक निर्धारित किया गया है। जो सुबह 9.30 बजे से शाम छह बजे (8 घंटे 30 मिनट) तक प्रभावी रहेगा। इसके कारण 19 जून को निम्नलिखित पैसेंजर ट्रेनें 53517 मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर, ट्रेन संख्या 53518 गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। यात्रियों को होने वाली इस असुविधा के लिए रेल प्रशासन ने खेद प्रकट किया है। कहा कि भविष्य के लिए संरक्षा सुनिश्चित करने और रेलवे के बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए यह ब्लॉक आवश्यक है।**

## 108 एंबुलेंस के चालकों का हड़ताल देवघर स्वास्थ्य विभाग का चक्का जाम




**देवघर (आजाद सिपाही)।** एक बार फिर से स्वस्थ सुविधा लड़खड़ाती नजर आ रही है। सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना हो या इमरजेंसी में किन्हीं को अस्पताल लेकर जाना हो सबसे पहला ख्याल 108 एंबुलेंस का आता है। पर देवघर में 108 एंबुलेंस चालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिस कारण गर्भवती महिला एवं दुर्घटनाग्रस्त सहित अन्य बीमारी से जूझने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली चालकों ने बताया कि देवघर जिले में कुल 20, 108 एम्बुलेंस मौजूद हैं जो हर आपात स्थिति में लोगों की मदद के लिए पहुंचते है, लेकिन कंपनी की ओर से इन चालकों को डेढ़ महीने से वेतन नहीं दिया गया है। इसके अलावा कई और योजना का लाभ इन्हें नहीं मिल पाता है। मांगे है कि चालक और मरीज का बीमा गाड़ी में होना चाहिए। वहीं गाड़ी भी काफी जर्जर स्थिति में है। ऐसे में एंबुलेंस चलाने में काफी परेशानी होती है। कंपनी की ओर से एक बार में पूरा वेतन भी नहीं दिया जाता है, जिससे घर चलना भी मुश्किल हो गया है। यह हड़ताल अनिश्चित कालीन है, जब तक उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं कर दिया जाता है।

# मधुबनी के अशोक हर महीने 108 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ धाम में करते हैं जलार्पण



**देवघर (आजाद सिपाही)।** आस्था और समर्पण की नगरी कहे जाने वाले देवघर में स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलार्पण के लिए पहुंचते हैं। इन्हीं श्रद्धालुओं में से एक अशोक कुमार हैं, जो बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले हैं। अशोक कुमार हर महीने 108 किलोमीटर की पैदल यात्रा भारी भरकम कांवर के साथ बाबा बैद्यनाथ के दरबार में आते हैं और जलार्पण कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। अशोक कुमार का कहना है कि उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से एक विशेष वरदान प्राप्त किया है, जिसने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। इस कृपा के बदले वे हर महीने संकल्पित होकर पैदल यात्रा करते हैं। यह यात्रा उनके लिए केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि बाबा के प्रति समर्पण और आभार व्यक्त करने का माध्यम है। कहा कि बाबा बैद्यनाथ मेरे लिए ईश्वर नहीं, बल्कि जीवनदाता हैं। हर महीने कांवर उठाना और पैदल चलना कठिन जरूर है, लेकिन बाबा की भक्ति में सब कुछ सहज लगने लगता है। कांवर यात्रा आमतौर पर सावन महीने में बड़े स्तर पर आयोजित होती है, लेकिन अशोक कुमार जैसे श्रद्धालु यह दिखाते हैं कि सच्ची भक्ति किसी एक माह या त्योहार तक सीमित नहीं होती।

# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग

## निजी गाड़ियां एक साल में 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत तीन हजार रुपये होगी। यह पास 15 अगस्त से मिलने लगेगा। अभी केवल मासिक पास और जरूरत के हिसाब से फास्ट टैग को रिचार्ज की सुविधा मिलती है। ये पास निजी वाहन जैसे कार, जीप, वैन के लिए है। ये एक साल के लिए या 200 टोल क्रॉस करने के लिए वैलिड होगा। यानी, एक टोल क्रॉस करने की कीमत करीब 15 रुपये आयेगी। सरकार का दावा है कि इससे देशभर के नेशनल हाइवे के टोल पर भीड़ कम होगी। केंद्रीय मंत्री नितन गडकरी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा महत्वपूर्ण घोषणा। एक एतिहासिक पहल के तहत 15 अगस्त 2025 से 3000 रुपये वाला वार्षिक फास्ट टैग शुरू कया जा रहा है। जो एक वर्ष या 200 ट्रिप के लिए वैलिड होगा। इसे एनएचआइ की वेबसाइट पर सुलभ लिंक के जरिये उपलब्ध कराया जायेगा।

**नये पास सिस्टम से क्या फायदा होगा :** गडकरी ने बताया कि नयी सालाना पास पॉलिसी का मकसद 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजाओं से जुड़े पुराने मुद्दों का समाधान करना है।

एकल डिजिटल लेन-देन के जरिए टोल भुगतान को आसान बनाना, टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम घटाना, भीड़ कम करना और विवादों को खत्म करना इसके प्रमुख लाभ हैं। इस घोषणा से लाखों निजी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका सफर न केवल तेज होगा बल्कि ज्यादा सहज और तनावमुक्त भी रहेगा।

**वाहन मालिकों की होगी कितनी बचत :** वर्तमान में जो यात्री अक्सर किसी खास टोल प्लाजा से गुजरते हैं, वे एड्रेस प्रूफ और दस्तावेज जमा करके मासिक पास प्राप्त कर सकते हैं। इन पास की कीमत 340 रुपये मासिक है, जो सालाना 4,080 रुपये है।

बता दें कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस साल की शुरुआत में संकेत दिया था कि उनका मंत्रालय कार मालिकों के लिए पास की योजना बना रहा है। मंत्रालय के अधिकारी इसे कई चुनौतियों से निपटने के लिए एक समाधान के रूप में मानते हैं, जिसमें शहर की सीमा के भीतर टोल प्लाजा के लिए जनता का विरोध, 60 किलोमीटर से कम दूरी पर स्थित टोल प्लाजा और कलेक्शन पॉइंट पर विवाद की घटनाएं शामिल हैं।

# इरान से रेस्क्यू किये गये 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**सभी मेडिकल विद्यार्थी हैं, आर्मेनिया के रास्ते लाये गये**

एजेंसी

**येरेवन/नयी दिल्ली।** इरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार ने इरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें से 90 कश्मीर के हैं। इरान से निकाले गये ये विद्यार्थी मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद बुधवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन विद्यार्थियों को लेकर कतर की राजधानी दोहा ले गयी। इसके बाद दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। इससे पहले मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को इरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी। इन छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों में निकाला गया। इरान में 1,500 विद्यार्थी सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। इरानी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। मंत्रालय ने विदेशी नागरिकों से इरान छोड़ने से पहले अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी मांगी थी।


























































आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# पांच पेट्रोल पंपों से 102 डीजी बैटरी चोरी में शमिल टेक्नीशियन सहित चार गिरफ्तार

## टेक्नीशियन ही चोर गिरोह का मास्टरमाइड, सीसीटीवी कैमरा खराब रहने वाले पेट्रोल पंपों को बनाते थे निशाना

- 8 से 14 हजार तक की बैटरी कोलकाता में महज एक से दो हजार में बेचते थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले में संचालित आइओसीएल पेट्रोल पंपों से लगातार हो रही बैटरी की चोरी के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने टेक्नीशियर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान इंजीनियर उर्फ सागर कुमार, रोशन शर्मा, मुकुल कुमार और अनुराग कुमार के रूप में हुई है। सभी चास थाना क्षेत्र के यदुवंश नगर के रहने वाले हैं। उनके पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाली कार, औजार और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपितों की स्वीकारोक्ति बयान के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी डीएसपी (हेडक्वार्टर) अनिमेष गुप्ता और बालीडीह थाने के इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह ने दी। वे दोनों बुधवार को बालीडीह थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गये अरोपी इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से हुई बैटरी की चोरी में शामिल थे। उनसे पूछताछ कर उनके अन्य सहयोगियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, डीएसपी हेडक्वार्टर ने बताया कि क्षेत्र के पेटोल पंपों में बैटरियों की हो रही लगातार चोरी से निपटने और चोरों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह की अगुवाई में एक एसआइटी का गठन किया गया था। जिसने जांच के बाद जिले में सक्रिय चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। पकड़े गये आरोपित बालीडीह थाना क्षेत्र के एक एवं जरीडीह, चास थाना क्षेत्र के दो-दो पेट्रोल पंप से चोरी की घटना में शमिल थे। पांचों पेट्रोल पंप से गिरोह के सदस्यों ने 102 डीजी बैटरी की चोरी की थी। डीएसपी ने बताया कि इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप एवं सीएनजी ऑपरेट करने के लिए अधिकृत कैटरेक्ट कंपनी डीजी बैटरी इंस्टल कर उसकी मरम्मति की देखरेख करती थी। आरोपी इंजीनियर उर्फ सागर उसी बैटरी सॉल्यूशन कंपनी का टेक्नीशियन है, जो चोरी की गिरोह का मास्टरमाइंड भी है। मरम्मति के लिए उसका पेट्रोल पंप में आना जाना लगा रहता था। वह ऐसे पेट्रोल पंपों को अपना निशाना बनाता था, जिसके सीसीटीवी कैमरे खराब होते थे। उसे पंप के समय एवं मौजूद कर्मियों की संख्या की भी पूरी जानकारी होती थी। वो कई दिनों की रेकी के बाद रणनीति बनाकर बैटरी चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

### कोलकाता में बेहद कम कीमत में भेचते थे चोरी की बैटरी

पुलिस की गिरफ्तर में आये आरोपितों ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल किया है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप से चोरी बैटरी को चास में डंप करते थे। जिसे पश्चिम बंगाल के कोलकाता से आकर कुछ लोग लेकर जाते थे। आरोपितों की मानें तो पेट्रोल पंपों से चोरी की बैटरियों की कीमतें आठ से 14 हजार रुपये तक होती थी। पर चोर गिरोह के सदस्य उक्त चोरी की बैटरियों को कोलकाता से आने वाले व्यापारियों को महज एक से दो हजार रुपये में ही बेच दिया करते थे। उधर, एसआइटी ने आइओसीएल के अधिकृत बैटरी सॉल्यूशन कंपनी को भी घटना की जानकारी दे दी है। लगे हाथ पूछताछ में मिले अहम जानकारी के आधार पर कोलकाता में बैठे आरोपितों को भी गिरफ्तार करने की रणनीति पर काम कर रही है।

# पांडरा उर्दू मध्य विद्यालय के बच्चे भय के माहौल में पढ़ने को मजबूर

विभाग-सरकार से गुहार के बाद भी नहीं हो रही स्कूल भवन की मरम्मति

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** निरसा विधानसभा अंतर्गत पांडरा स्थित उर्दू मध्य विद्यालय के बच्चें भय के माहौल में पढ़ने को मजबूर है। इस विद्यालय भवन का निर्माण साल 1941 में कराया गया था। पर इन 84 सालों में पांडरा गांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय का भवन की स्थिति दयनीय एवं जर्जर हो गयी है। इस बीच विद्यालय के एक कक्षा की छत के छज्जे का एक बड़ा हिस्सा गिर गया था। हालांकि गनीमत रही कि गर्मी की छुट्टी चल रही थी, जिस कारण वहां बच्चे नहीं थे। अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय भवन की मरम्मत को लेकर जिला प्रशासन विभाग एवं राज्य सरकार से भी गुहार लगा चुके हैं। बावजूद इसके स्थिति जस की तस है। वहीं, पूर्व मुखिया रॉबिन धीवर ने बताया कि सरकार एक तरफ उच्च शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ बच्चों के भविष्य एवं जान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

# बिचौलिये की करतूत, सरकारी अस्पताल में रेफर मरीज को करवा दिया प्राइवेट अस्पताल में भर्ती

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इन दिनों प्राइवेट अस्पताल के बिचौलियों का बोलबाला काफी बढ़ गया है। वे गांव के दूर दराज से आनेवाले मरीजों को सरकारी अस्पताल ले जाने के नाम पर सीधे प्राइवेट अस्पतालों के हवाले कर दे रहे और मोटी रकम वसूली करवा कर मुनाफा कमा रहे हैं। हालांकि जब प्राइवेट अस्पताल को मालूम होता है कि मरीज बहुत गरीब है और उससे मोटी रकम नहीं ऐंठ सकते तो उसे पुनः सरकारी अस्पताल भेज दिया जाता है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। गिरिडीह जिले के गांडेय थाना क्षेत्र के बेलाटांड़ निवासी मजदूर राजेश हेंब्रम वाहन से गिर गया था, जिससे उसका पैर टूट गया था। पीड़ित ने बताया कि वह इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल आया था। जहां से डॉक्टर ने उन्हें धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। वह एक निजी एंबुलेंस से धनबाद के एसएनएमएमसीएच के लिए निकला, लेकिन एंबुलेंस चालक ने उसे एसएनएमएमसीएच के बजाय, निजी जेपी अस्पताल ले जाकर भर्ती करवा दिया। इस दौरान उससे करीब 54 हजार रुपए इलाज के लिए जमा कराने को कहा गया। पर उसके पिता ने कहा कि उनके पास इतने पैसे नहीं हैं। हमने निजी अस्पताल से छुट्टी कराने को कहा, लेकिन वह पैसे की मांग करते रहे। राजेश के परिजनों ने मीडिया बुलाने की धमकी दी तो निजी अस्पताल ने आधा अधुरा इलाद कर उससे 22 हजार रुपए लेकर डिस्चार्ज कर दिया। जिसके बाद वह धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचा। राजेश ने कहा कि सरकार को ऐसे अस्पतालों और बिचौलियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। उधर, इस मामले पर राजेश हेंब्रम के पिता जीवन हेंब्रम ने बताया कि गिरिडीह सदर अस्पताल से एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया था, लेकिन हम नहीं जानते हैं कि एसएनएमएमसीएच कहां हैं। एंबुलेंस चालक ने जेपी हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती कर दिया। उन्होंने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से ऐसे बिचौलियों और अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर, जेपी अस्पताल के संचालक प्रदीप मंडल ने कहा कि राजेश हेंब्रम का पैर टूटा हुआ था, जिसे भर्ती किया गया था। उसने अस्पताल से जाने की इच्छा जताई. जिसके बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उसने बतौर पांच हजार रुपए बिल के रुप में दिए हैं। अब वह कहां से आया, यहां कैसे आया और कहां गया? इसकी जानकारी मुझे नहीं है। दूसरी ओर, एसएनएमएमसीएच के डॉ चंद्रशेखर सुमन ने बताया कि 'राजेश हेंब्रम का इलाज ऑर्थो विभाग में चल रहा है। मरीज गिरीडीह से अस्पताल पहुंचा है। मरीज और उसके परिजनों ने बताया की उन लोगों को जेपी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर 45 हजार का बिल जमा करने को कहा जा रहा था। बाद में 22 हजार रुपए लेकर उसे छोड़ दिया गया। अगर मरीज के परिजन गिरिडीह सिविल सर्जन या धनबाद को लिखित शिकायत देते हैं तो कार्रवाई की जाएगी

# तोपचांची क्षेत्र में अघोषित ब्लैकआउट

**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम शुरू हुई मानसून की पहली बारिश से लोगों को जहां राहत मिली, वहीं, बिजली संकट के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। खबर है कि शाम चार बजे के बाद साहूबहियार सब स्टेशन अंतर्गत चलकरी, बेलमी एवं तांतरी फीडर पूर्ण रूप से ब्लैकआउट हो गया है। मानसून पहुंचते ही दुमदुमी, पावापुर, हरिहरपुर कोरकोटटा, तांतरी, रामकुंडा, गेंनवाडीह, मतारी, लेदाटांड़, मदैडीह, बेलमी और नैरो आदि सैकड़ो ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। मंगलवार रात से ही बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप है। हालांकि सूत्रों की मानें तो बुधवार की दोपहर एक बजे के बाद बिजली सेवा बहाल हो गयी। पर कई सवार भी खड़े कर गयी। बिजली विभाग का मानसून पूर्व की कोई तैयारी नहीं है। क्षेत्र के व्यापारी वर्ग के साथ ही किसान एवं आम आदमी परेशान है। वहीं, बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो रही है। बैंक, थाना, अंचल कार्यालय और प्रखंड मुख्यालय के साथ ही क्षेत्र के अस्पताल में भी बिजली गुल है। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं पर झूठा केस करती रहती है। स्मार्ट मीटर के नाम से उपभोक्ता को परेशान किया जाता है, लेकिन बिजली सुविधा के नाम पर कहीं कुछ भी नहीं है। बिना चढ़ावे का कोई काम नहीं होता है। पोल तार के नाम पर गांव में चंदा उगाही की जाती है।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–328/25<br>2. आवेदक–सीता देवी , पति–स्व0 फिरंगी यादव<br>3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू, थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गर्दन के तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–329/25<br>2. आवेदक–मो0 अब्दुल खॉं , पिता–मो0 इब्राहिम खॉं<br>3. ग्राम–बभनबै , पोस्ट–बभनबै , थाना–मुफफसिल , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–330/25<br>2. आवेदक–गोपाल ठाकुर , पिता–स्व0 गेन्दो ठाकुर<br>3. ग्राम–कुम्हार टोली ,पोस्ट–बडम बाजार , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–331/25<br>2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार , पिता–स्व0 गोर्वधन ठाकुर<br>3. ग्राम–रामनगर ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–332/25<br>2. आवेदक–अर्चना सिन्हा , पति–प्रभात कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–न्यू एरिया दूसरी गली ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–333/25<br>2. आवेदक–प्रदीप पाण्डेय , पिता–स्व0 भरत पाण्डेय<br>3. ग्राम–सुल्ताना ,पोस्ट–सुल्ताना , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बायें हाथ के छोटी अंगुली में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–334/25<br>2. आवेदक–जयनाथ राम , पिता–श्री फुलचन्द्र<br>3. ग्राम–पसई ,पोस्ट–रेवाली , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दाहिना छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–335/25<br>2. आवेदक–प्रभात कुमार सिन्हा , पिता–स्व सच्चिदानंद प्रसाद<br>3. ग्राम–न्यू एरिया दूसरी गली ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–336/25<br>2. आवेदक–रंजीत रविदास , पिता–स्व पोखन राम<br>3. ग्राम–कुम्हार टोली पार नाला ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 46 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथा में कम हुआ का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–337/25<br>2. आवेदक–गुलाब यादव , पिता–स्व केशर यादव<br>3. ग्राम–नेवरी करमा ,पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें तरफ ओठ कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–338/25<br>2. आवेदक–प्रीति सिन्हा , पति–अजित कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–ओकनी ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–ठुडी के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं दशरथ महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–339/25<br>2. आवेदक–अशोक भाई पटेल , पिता–जागो महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–340/25<br>2. आवेदक–स्वेता कुमारी , पति–कुन्दन लाल<br>3. ग्राम–सातमील चौक, रमुआ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–341/25<br>2. आवेदक–शंकर महतो , पिता–स्व0 तुलसी महतो<br>3. ग्राम–बलमक्का , पोस्ट–खरकी , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–429/25<br>2. आवेदक–देवकी चन्द्र चौधरी , पिता–शिकारी महतो<br>3. ग्राम–दुर्गी बस्ती, बरकाकाना , पोस्ट–बरकाकाना , थाना–बरकाकाना , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–342/25<br>2. आवेदक–कुन्दन लाल , पिता–मिश्री लाल<br>3. ग्राम–सातमील चौक, रमुआ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं जहुर मियॉं के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–343/25<br>2. आवेदक–रमेश कुमार , पिता–जेपाल महतो<br>3. ग्राम–ओम , पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–344/25<br>2. आवेदक–उमेश्वर प्रसाद महतो , पिता–स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–ओम , पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 महमूद आलम एवं मौलाना मोबीन रिजवी द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–345/25<br>2. आवेदक–करीमुद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 शकुर मियां<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–346/25<br>2. आवेदक–मोहम्मद सिराज , पिता–मोहम्मद अब्बास अंसारी<br>3. ग्राम–कुसुम्भा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–347/25<br>2. आवेदक–अनंतलाल महतो , पिता–स्व0 जयलाल महतो<br>3. ग्राम–गोलगो ,पोस्ट–सियारी , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–टुटी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–348/25<br>2. आवेदक–सरफुद्दीन अंसारी , पिता–अब्दुल हमीद<br>3. ग्राम–धरमपुर ,पोस्ट–खाम्म्वा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं ऑंख में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–349/25<br>2. आवेदक–रूपलाल यादव , पिता–स्व0 बधन यादव<br>3. ग्राम–अल्पिटो ,पोस्ट–अल्पितो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह– दायॉं ऑंख के नीचे मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–430/25<br>2. आवेदक–निसार अहमद , पिता–मो0 अब्बास<br>3. ग्राम–दिगवार ,पोस्ट–दिगवार , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष ,पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–350/25<br>2. आवेदक–मो0 एकराम , पिता–मो0 मुसतकीम<br>3. ग्राम–दिगुरा ,पोस्ट–मरहन्द , थाना–कटकमसाडी, प्रखण्ड–कटकमसाडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह– कमर में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–351/25<br>2. आवेदक–जहीर उद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 गायासउद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–इन्दरा ,पोस्ट–जरवा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं हाथ में टीका का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–352/25<br>2. आवेदक–मो0 इजराइल अंसारी , पिता–मो0 अब्दुल हमिद<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–353/25<br>2. आवेदक–कृपा नारायण सिंह , पिता–बासुदेव सिंह<br>3. ग्राम–राजपूत टोला0 ,पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–431/25<br>2. आवेदक–टेकलाल महतो , पिता–दुखन महतो<br>3. ग्राम–लइयो ,पोस्ट–लइयो , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष ,पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–354/25<br>2. आवेदक–सोमर महतो , पिता–स्व0 तालो महतो<br>3. ग्राम–नावाटान्ड ,पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–355/25<br>2. आवेदक–सोबरन महतो , पिता–स्व0 कुंजा महतो<br>3. ग्राम–रखवा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–356/25<br>2. आवेदक–अशोक प्रसाद सिंह , पिता–स्व0 सत्यनारायण सिंह<br>3. ग्राम–राजपूत टोला0 ,पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–357/25<br>2. आवेदक–मो0 आरीफ हुसैन , पिता–स्व0 हफीजउद्दीन<br>3. ग्राम–पगमील ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–पेलावल सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–358/25<br>2. आवेदक–जीवाधन यादव , पिता–स्व0 बिशुन गोप<br>3. ग्राम–हेठली बोदरा ,पोस्ट–अल्पितो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–359/25<br>2. आवेदक–केशो महतो , पिता–स्व0 दयाल महतो<br>3. ग्राम–नावाटान्ड ,पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–360/25<br>2. आवेदक–मो0 आफताब आलम , पिता–हैदायत अली<br>3. ग्राम–गरजासु ,पोस्ट–गुडीयो , थाना–बरही , प्रखण्ड–बरही<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–361/25<br>2. आवेदक–कर्णवीर सिंह , पिता–स्व0 राधा गोविन्द सिंह<br>3. ग्राम–परासी ,पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायॉं ऑंख में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–362/25<br>2. आवेदक–अशोक ठाकुर , पिता–स्व0 कैलाश ठाकुर<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–363/25<br>2. आवेदक–अख्तर अन्सारी , पिता–रहीम अन्सारी<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाचघना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–364/25<br>2. आवेदक–तजमुल अन्सारी , पिता–अलीबकरा अन्सारी<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाचघना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–365/25<br>2. आवेदक–खेमेश्वरी देवी , पति–बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाचघना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–366/25<br>2. आवेदक–बालेश्वर महतो, पिता–स्व0 रमन महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाचघना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–357/25<br>2. आवेदक–मोहम्मद नुरैन , पिता–स्व0 अब्दुल अजीज<br>3. ग्राम–खास श्यामपुर ,पोस्ट–श्यामपुर , थाना–निरसा , प्रखण्ड–निरसा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–367/25<br>2. आवेदक–दशरथ पेटल , पिता–स्व0 हिरामन महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाचघना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–368/25<br>2. आवेदक–बहादुर राम , पिता–स्व0 मुनु राम<br>3. ग्राम–मालवीय ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर हजारीबाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेस्ट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–369/25<br>2. आवेदक–कुंजलाल साव , पिता–गुजर साव<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–513/25<br>2. आवेदक–ईकबाल अहमद , पिता–स्व0 शरिफुलहक<br>3. ग्राम–कथारा, पोस्ट–कथारा , थाना–बोकारो थर्मल , प्रखण्ड–बेरमो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं ऑंख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–514/25<br>2. आवेदक–मो0 दिलदार हुसैन , पिता–अब्दुल क्यूम अंसारी<br>3. ग्राम–सुरजुडीह, पोस्ट–कसमार , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48वर्ष , पहचान चिन्ह–जॉंघ के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–515/25<br>2. आवेदक–अफजाल अनीस , पिता–अबू मोहम्मद<br>3. ग्राम–कुरपणिया , पोस्ट–सण्डेबाजार , थाना–गॉंधीनगर , प्रखण्ड–बेरमो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीने में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–516/25<br>2. आवेदक–कमाल अंसारी , पिता–स्व0 इसमाईल अंसारी<br>3. ग्राम–सुरही, पोस्ट–सुरही , थाना–नवाडीह , प्रखण्ड–नवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44वर्ष , पहचान चिन्ह– बायॉं गर्दन में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–237/25<br>2. आवेदक–सौकत अंसारी , पिता–मलीन अंसारी<br>3. ग्राम–हेसला, पोस्ट–हेसला, थाना–बगोदर, प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–517/25<br>2. आवेदक–मो0इरफान अंसारी , पिता–स्व0 कमरूल होदा<br>3. ग्राम–असनापानी , पोस्ट–कथारा , थाना–कथारा, प्रखण्ड–गोमिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं चेस्ट में कट मार्क का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–370/25<br>2. आवेदक–नसीरूदीन अंसारी , पिता–स्व0 लाल मोहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम–नारकी कुर्द , पोस्ट–नारकी कुर्द , थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–371/25<br>2. आवेदक–मो0 सदीक अंसारी , पिता–अब्दुल अंसारी<br>3. ग्राम–चर्नाखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–238/25<br>2. आवेदक–मो0 असरफ अंसारी , पिता–बहादुर अंसारी<br>3. ग्राम–रामनगर , पोस्ट–गेलागी , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–372/25<br>2. आवेदक–हाफिज बख्तियार मलिक , पिता–स्व0 सत्तार मलिक<br>3. ग्राम–डुकरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–373/25<br>2. आवेदक–इजराईल खॉं , पिता–मो0 हबीब<br>3. ग्राम–डुकरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–374/25<br>2. आवेदक–हिकमतुल्लाह , पिता–तबारक हुसैन<br>3. ग्राम–खुटरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–375/25<br>2. आवेदक–एजाज आलम , पिता–स्व0 मोहम्मद कयुम<br>3. ग्राम–आजादनगर , पोस्ट–पेलावल , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हाथ में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–300/25<br>2. आवेदक–खुशीहाल राणा , पिता–अमृत राणा<br>3. ग्राम–ईद , पोस्ट–ईचाक , थाना–सिमरीया , प्रखण्ड–सिमरीया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने गाल में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355339 (Home) 25-26 (D)

### सिसई रेफरल अस्पताल में हो रही परेशानियों से कराया अवगत

# स्वास्थ्य मंत्री को लिखित आवेदन सौंपा गया, कार्रवाई का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** गुमला जिला कांग्रेस महासचिव सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को एक लिखित आवेदन सौंपा गया। जिला महासचिव गंगा उरांव और कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए कहा कि 12 जून 2025 को कांग्रेस के वरिष्ठ टीम के साथ रेफरल अस्पताल सिसई का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में ये पता चला कि रेफरल अस्पताल सिसई, मात्र एक चिकित्सा प्रभारी के भरोसे चल रहा है, जबकि अस्पताल में नौ चिकित्सक अमित कुमार महतो, संजय प्रसाद, सीमा सांगा, श्वेता मिंज, अनिता राज, साइना आफरीन, राइना सोनाली भेंगरा, अमृता कुमारी, राहुल देव उरांव पदस्थापित हैं। जिसमें से तीन डॉ सीमा सांगा, अनिता राज और साइना आफरीन, काफी दिनों से



स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को आवेदन पत्र सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

बिना सूचना दिए हुए गायब हैं। दो डॉ राहुल देव उरांव, राइना सोनाली भेंगरा सिसई से गुमला सदर अस्पताल के लिए प्रतिनियुक्त हैं और एक डॉ संजय प्रसाद पूसो में प्रतिनियुक्त है। एक डॉ अमृता कुमारी इस्तीफा दे चुकी हैं, जबकि दो डॉ श्वेता मिंज और अमित कुमार महतो मेडिकल की पढ़ाई के लिए छुट्टी में है। और सभी चिकित्सक रेफरल अस्पताल सिसई के नाम पर वेतन प्राप्त कर रहे हैं। कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को अवगत कराते हुए कहा कि सिसई रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण डॉक्टरों की मनमानी चल रही है। साथ ही मंत्री इरफान अंसारी के समक्ष रेफरल अस्पताल के लिए एक अल्ट्रासाउंड मशीन, 104 एंबुलेंस, अस्पताल में विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर आदि का मांग रखा है। उक्त तथ्यों पर मंत्री इरफान अंसारी ने आवेदन पर तुंरत अग्रेतर सख्त कार्रवाई लिखकर विभाग को भेज दिया। मौके पर पूर्व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, गंदुर मुंडा, बनविहारी जयसवाल, रविंद्र, कैलाश उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस अल्पसंखयक विभाग ने अयोजित किया जांसावाद कार्यक्रम

# वक्फ के बाद अब इसाइयों की जमीनों पर है आरएसएस की नजर: जीनल गाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से स्थानीय परिसदन के सभागार में बुधवार को जिला जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल को ओडिनेटर सह राज्य प्रभारी जीनल एन गाला व प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी कुमुदनी प्रभावती, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिश कुरैशी, प्रदेश महासचिव नूर, हसनैन आलम, मो महमूद आलम, जैतून, जॉन, अरशद उल कादरी, रांची महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, जिला सचिव तरुण गोप, जिला महासचिव मो फिरोज,जिला चैयरमैन सह मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन अख्तर, अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष मो साहेब वसीम, मनरेगा विभाग के अध्यक्ष पवन



केवट,विधि विभाग के अध्यक्ष मो खुर्शीद आलम, किसान विभाग के जिला अध्यक्ष मो मीरा, इकरामुल हक, मो मोख्तार आलम, सैय्यद खालिद शाह, कलाम रॉय, मो मिन्हाज, मो शादाब आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल को ओडिनेटर सह राज्य प्रभारी जीनल एन गाला ने कहा कि वक्फ बिल केवल एक बिल नहीं अल्पसंख्यको की अस्मिता, अधिकार और संविधान पर चोट है। मुसलमानों के वक्फ की संपति पर बैक डोर से हमला करने के बाद अब ईसाई मिशनरियों की जमीन पर आरएसएस वालों की नजर है। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यको की समस्याएं बहुत है। परंतु इस समस्या से निपटने के लिए पहले एकजुट होना होगा। राज्य का गठन भी सम्भवतः इंही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार बहुत मजबूती से चल रही है। यह सरकार जनता की है। और जनता के हित में काम कर रही है। राज्य सरकार ने जो भी योजनाएं लायी हैं। अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव कुमुदिनी प्रभावती ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी के अल्पसंखयक विभाग को मजबूत बनाने और जनता के दिल में उतरकर उनकी समस्याएं जानने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से हमें अपनी पार्टी को और सशक्त बनाने तथा जन समस्याओं को समझने का अवसर मिला है। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय पार्टी की मजबूत रीढ़ है। वहीं पार्टी के लिए अल्पसंख्यक कार्यक्रताओं का अहम योगदान रहता है। 15 सूत्री जैसे पदों पर सक्रिय लोंगो को तरजीह व स्थान नही मिल पाता है। मौके पर मनसूब अंसारी, आरिफ हुसैन, बैबुल अंसारी, फहीम, गुलाम सरवर समेत जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, अल्पसंख्यक विभाग के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

कार्यक्रम समाप्ति के बाद कुमुदिनी प्रभावती के आग्रह पर जीनल एन गाला और मंजूर अंसारी ने विभिन्न चर्चो के प्रतिनिधियों से संगठन हित में किये जाने वाले सुधारों को लेकर चर्चा की। साथ ही सरकार के योजनाओं को अल्पसंख्यकों तक पहुचाने के लिए विस्तृत रूप रेखा तैयार की।

## शिक्षक जमुना पाठक के निधन पर जताया शोक

गुमला (आजाद सिपाही)। आचार्य सह शिक्षक जमुना पाठक के निधन पर गुमला के समाजसेवियों ने शोक जताया है। चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि उनकी पहचान गुमला के अभिभावक के तौर पर थी। जिनका मार्गदर्शन मिलता था। निकट भविष्य में इस छत्ती की भरपाई संभव नहीं है। शोक जताने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, विनोद कुमार, ओमप्रकाश साह, हेमवती देवी, रामनिवास प्रसाद, निर्मल गोयल, अमर प्रदीप कुजूर और हिमेश कुमार सहित अन्य है।


**AFFIDAVIT**



I, DILIP KUMAR SHUKLA, S/o Ramesh Chandra Shukla, R/o Ville Darjiya, Post-Rohila, P.S-Nagar Untari, Distritt-Garhwa (Jharkhand)-122121. That my Son's name SREYANSH SHUKLA mentioned in his Aadhaar Card, which is wrong. That my Son's correct and actual name is KARTIK SHUKLA and date of birth is-11/03/2017 mentioned in his Birth Certificate. After this affidavit my son will be known as KARTIK SHUKLA for all purposes. Vide affidavit no. 0510, Series no. 23-24/VI.. 26984, dated-18 June 2025.


# भाजयुमो ने किया सरकार का पुतला दहन

- हेमंत सरकार में झारखंड के युवाओं का भविष्य चौपट : भाजयुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** हेमंत सरकार की नाकामी का नतीजा झारखंड वासियों ने जेपीएससी और सीजीएल की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होते हुए देखा। लेकिन इससे भी बढ़कर मैट्रिक का प्रश्न पत्र लीक होते हुए हम सभी देख रहे हैं। यह काफी दुर्भाग्य की बात है। प्रश्न पत्र लीक मामले में आज भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद के नेतृत्व में बसिया मंडल के कोनबीर चौक में हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। संदीप प्रसाद ने कहा कि एक परीक्षा केंद्र के बाहर दर्जनों परीक्षार्थी यह कहते मिले की काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए हैं और गरीब परिवार से आते हैं, और सरकार की इस तरह की नाकामी से हम जैसे गरीब छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। हमारे अभिभावक काफी मेहनत करके हमें इससे मुकाम तक लाए हैं, लेकिन सरकार को हम जैसे छात्र-छात्राओं के भविष्य की तनिक भी चिंता नहीं है। मौके पर उपस्थित युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव ने कहा कि सरकार अपने कार्यशैली में अविलंब सुधार ले अन्यथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मंडल से लेकर जिला और जिला से लेकर प्रदेश तक जोरदार आंदोलन हेतु बाध्य हो जायेंगे। कार्यक्रम मे भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़ाईक नवीन सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला मंत्री पिंटू सिंह विनोद भगत, अमर पांडे, सतनारायण भगत, विकास सिंह, अंकित, राम, दुर्गा प्रधान, विनायक, संदीप, सत्यम, आनंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र क्र.सं: 11 दिनांक:25.04.2025 के अनुसार मैं दिलीप सिंह पिता रमेश्वर सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष, धर्म–हिन्दू, राष्ट्रीयता भारतीय, साकिन जयनगर, पोस्ट व थाना जयनगर, जिला कोडरमा, झारखण्ड, शपथ पूर्वक निम्न लिखित ब्यान करता हूं:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की मूल एवं स्थानीय निवासी हूं तथा मेरा आधार संख्या 7094 5987 2569 है।
2. यह कि प्रिया कुमारी Priya Kumari मेरी पुत्री है जिसका जन्म 12.04.2013 ई. है।
3. यह कि जन्म प्रमाण पत्र संख्या **B-2023-9-90347-007602** में मेरी पुत्री का नाम प्रिया कुमारी **Priya Kumari** जन्म तिथि 12.04.2013 अंकित है।
3. यह कि आधार कार्ड संख्या 4881 3651 0056 में मेरी पुत्री का नाम रिया कुमारी **Riya Kumari** अंकित है जो गलत है।
5. यह कि यह शपथ पत्र में अपनी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार आधार कार्ड में सुधार कर प्रिया कुमारी दर्ज करवाने हेतु बना रहा हूं।
6. यह कि उपरोक्त विवरण सही व सत्य है। असत्य पाये जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**